मंदाकिनी सलिलचन्दन चर्चिताय नन्दीश्वर प्रमथनाथ महेश्वराय। मण्दारपुष्पबहुपुष्पसु पूजिताय तस्मै मकाराय नम:शिवाय ।	गंगाजल और चन्दन से जिनकी अर्चा हुई है, मन्दार-पुष्प तथा अन्यान्य कुसुम से जिनकी सुन्दर पूजा हुई है, उन नन्दी के अधिपति प्रमथगणों के स्वामी महेश्वर 'म' कारस्वरूप शिव को नमस्कार है ॥ २ ॥
शिवाय गौरीवदनाब्जवृन्दसूर्याय दक्षाध्वरनाशकाय। श्रीनीलकण्ठाय बृषध्वजाय तस्मै शिकाराय नम:शिवाय ।	जो कल्याणस्वरूप हैं, पार्वतीजी के मुखकमल को विकसित (प्रसन्न) करने के लिये जो सूर्यस्वरूप हैं, जो दक्ष के यज्ञ का नाश करनेवाले हैं, जिनकी ध्वजा में बैल का चिह्न है, उन शोभाशाली नीलकण्ठ 'शि' कारस्वरूप शिव को नमस्कार है ॥ ३ ॥

वसिष्ठकुम्भोद्भवगौतमार्य मुनीन्द्रदेवार्चित शेखराय। चन्द्रार्कवैश्वानरलोचनाय तस्मै वकाराय नम:शिवाय ।	वसिष्ठ, अगस्त्य और गौतम आदि श्रेष्ठ मुनियों ने तथा इन्द्र आदि देवताओं ने जिनके मस्तक की पूजा की है, चन्द्रमा, सूर्य और अग्नि जिनके नेत्र हैं, उन 'व' कारस्वरूप शिव को नमस्कार है ॥ ४ ॥
यक्षस्वरूपाय जटाधराय पिनाकहस्ताय सनातनाय। दिव्याय देवाय दिगम्बराय तस्मै यकाराय नम: शिवाय ।	जिन्होंने यक्षरूप धारण किया है, जो जटाधारी हैं, जिनके हाथ में पिनाक है, जो दिव्य सनातन पुरुष हैं, उन दिगम्बर देव 'य' कारस्वरूप शिव को नमस्कार है ॥ ५ ॥
पञ्चाक्षरिमदं पुण्यं य: पठेच्छिवसन्निधौ। शिवलोकमवाप्नोति शिवेन सह मोदते ।	जो शिव के समीप इस पवित्र पंचाक्षरस्तोत्र का पाठ करता है, वह शिवलोक को प्राप्त करता है और वहाँ शिवजी के साथ आनन्दित होता है ॥ ६ ॥

॥ इति श्रीमच्छंकराचार्यविरचित शिवपञ्चाक्षर स्तोत्रं सम्पूर्णम् ॥

श्रीरुद्राष्टकं

(तुलसीदासकृतम्)

नमामीशमीशान निर्वाणरूपं। विभुं व्यापकं ब्रह्मवेदस्वरूपम्॥ निजं निर्गुणं निर्विकल्पं निरीहं। चिदाकाशमाकाशवासं भजेऽहम्॥	हे मोक्षस्वरूप, समर्थ, व्यापक, ब्रह्म और वेदस्वरूप, ईशान दिशा के ग्यारह रुद्ररूप स्वामी श्रीशिवजी ! मैं आपको नमस्कार करता हूँ ।स्वतंत्र एवं स्वयं प्रकट होनेवाले, तीनों गुणों से रहित, भेदरहित इच्छारहित, चेतन, आकाशरूप एवं आकाश को ही वस्त्ररूप में

	धारण करनेवाले दिगम्बर (आकाश को भी आच्छादित करनेवाले, आकाश के समान निर्लिप्त और सबके आधारभूत) ! आपको मैं भजता हूँ ॥
निराकारमोङ्कारमूलं तुरीयं। गिराज्ञानगोतीतमीशं गिरीशम्। करालं महाकालकालं कृपालं। गुणागारसंसारपारं नतोऽहम्॥	निराकार, ॐकार (प्रणव) के मूल, सदा तुरीय (तीनों गुणों से अतीत) अवस्था में रहनेवाले, वाणी, ज्ञान और इन्द्रियों से परे, कैलासपति, विकराल, महाकाल के भी काल (अर्थात् महामृत्युंजय) कृपालु, गुणों के धाम, संसार से परे आप परमेश्वर को मैं प्रणाम करता हूँ ॥
तुषाराद्रिसंकाशगौरं गभीरं। मनोभूतकोटिप्रभाश्री शरीरम्॥ स्फुरन्मौलिकल्लोलिनी चारुगङ्गा। लसद्भालबालेन्दु कण्ठे भुजङ्गा॥	जो हिमालय के सदृश गौरवर्ण तथा गम्भीर हैं, जिनके शरीर में करोड़ों कामदेवों की कान्ति एवं छटा है, जिनके सिर के जटाजूट पर सुन्दर तरंगों से युक्त गंगाजी विराजमान हैं, जिनके ललाट पर द्वितीया का बाल चन्द्र और कंठ में सर्प सुशोभित हैं ॥ ३॥
चलत्कुण्डलं भ्रूसुनेत्रं विशालं। प्रसन्नाननं नीलकण्ठं दयालम्॥ मृगाधीशचर्माम्बरं मुण्डमालं। प्रियं शङ्करं सर्वनाथं भजामि॥	जिनके कानों में कुण्डल हिल रहे हैं, सुन्दर भ्रुकुटी और विशाल नेत्र हैं; जो प्रसन्नमुख, नीलकण्ठ और दयालु हैं; व्याघ्राम्बर (क्रोध को जय किया है) और मुण्डमाला पहने हैं; उन सबके प्रिय और सबके स्वामी श्रीशंकरजी को मैं भजता हूँ! ॥ ४॥

प्रचण्डं प्रकृष्टं प्रगल्भं परेशं। अखण्डं अजं भानुकोटिप्रकाशं॥ त्रय: शूलनिर्मूलनं शूलपाणिं। भजेऽहं भवानीपतिं भावगम्यम्॥	प्रचण्ड (बल-तेज-वीर्य से युक्त), सबमें श्रेष्ठ, तेजस्वी, परमेश्वर, अखण्ड, जन्मरहित, करोड़ों सूर्यों के समान प्रकाशवाले, (दैहिक, दैविक, भौतिक आदि) तीनों प्रकार के शूलों (दुःखों) को निर्मूल करनेवाले, हाथ में त्रिशूल धारण किये हुए, (भक्तों को) भाव के द्वारा प्राप्त होनेवाले भवानीपति श्रीशंकरजी को मैं भजता हूँ ॥ ५॥
कलातीतकल्याण कल्पान्तकारी। सदा सज्जनानन्ददाता पुरारी॥ चिदानन्दसंदोह मोहापहारी। प्रसीद प्रसीद प्रभो मन्मथारी॥	कलाओं से परे, (सर्वकलापूर्ण, अकल) कल्याणस्वरूप, कल्प का अन्त (प्रलय) करनेवाले, सज्जनों के सदा आनन्ददाता, त्रिपुर के शत्रु, चिदानन्दराशि, मोह के नाशक, कामदेव क शत्रु. हे प्रभो ! प्रसन्न होइए, प्रसन्न होइए ॥ ६॥
न यावद् उमानाथपादारविन्दं। भजन्तीह लोके परे वा नराणाम्। न तावत्सुखं शान्ति सन्तापनाशं। प्रसीद प्रभो सर्वभूताधिवासं॥	हे उमापति ! जबतक आपके चरणकमलों को (मनुष्य) नहीं भजते, तबतक उन्हें न तो इस लोक और परलोक में सुख-शान्ति मिलती है और न उनके संतापो का नाश होता है ।अतः हे समस्त जीवों के हृदय में निवास करनेवाले तथा सब प्राणियों के निवासस्थान प्रभो ! प्रसन्न होइए ॥ ७॥
न जानामि योगं जपं नैव पूजां। नतोऽहं सदा सर्वदा शम्भुतुभ्यम्॥ जराजन्मदुःखौघ तातप्यमानं। प्रभो पाहि आपन्नमामीश शंभो॥	न तो मैं योग जानता हूँ, न जप और न पूजा ही । हे शम्भो ! मैं आपको सदासर्वदा प्रणाम करता हूँ । हे प्रभो ! बुढ़ापा तथा जन्म (-मरण) के दुःखसमूहों से जलते हुए मुझ दुःखी की रक्षा कीजिए । हे समर्थ ! हे शम्भो ! मैं आपको नमस्कार करता हूँ ॥ ८॥

रुद्राष्टकं इदं प्रोक्तं विप्रेण हर्षोतये ये पठन्ति नरा भक्तयां तेषा शंभो प्रसीदति॥	रुद्र भगवान् की स्तुति का यह अष्टक (आठ वृत्तों /श्लोकों में की हुई स्तुति) उन शंकरजी की तुष्टि (प्रसन्नता) के लिए ब्राह्मणद्वारा कहा गया । जो मनुष्य इसे भक्तिपूर्वक पढ़ते हैं, उनपर भगवान् शम्भु प्रसन्न होते हैं ।
|| इति श्रीगोस्वामितुलसीदासकृतं श्रीरुद्राष्टकं सम्पूर्णम् ||	
वेदसार शिवस्तव स्तोत्रम् (शङ्कराचार्य)	
पशूनां पतिं पापनाशं परेशं गजेन्द्रस्य कृत्तिं वसानं वरेण्यम् । जटाजूटमध्ये स्फुरद्गाङ्गवारिं महादेवमेकं स्मरामि स्मरारिम् ॥१॥	हे शिव आप जो प्राणिमात्र के स्वामी एवं रक्षक हैं, पाप का नाश करने वाले परमेश्वर हैं, गजराज का चर्म धारण करने वाले हैं, श्रेष्ठ एवं वरण करने योग्य हैं, जिनकी जटाजूट में गंगा जी खेलती हैं, उन एक मात्र महादेव को बारम्बार स्मरण करता हूँ
महेशं सुरेशं सुरारातिनाशं विभुं विश्वनाथं विभूत्यङ्गभूषम् । विरूपाक्षमिन्द्वर्कवह्निं त्रिनेत्रं सदानन्दमीडे प्रभुं पञ्चवक्त्रम् ॥२॥	हे महेश्वर, सुरेश्वर, देवों के भी दुःखों का नाश करने वाले विभुं विश्वनाथ आप विभुति धारण करने वाले हैं, सूर्य, चन्द्र एवं अग्नि आपके तीन नेत्र के सामान हैं। ऐसे सदा आनन्द प्रदान करने वाले पञ्चमुख वाले महादेव मैं आपकी स्तुति करता हूँ
गिरीशं गणेशं गले नीलवर्णं गवेन्द्राधिरूढं गुणातीतरूपम् ।	हे शिव आप जो कैलाशपति हैं, गणों के स्वामी, नीलकंठ हैं, धर्म स्वरूप वृष बैल की सवारी करते हैं, अनगिनत गुण वाले हैं, संसार के आदि कारण हैं, प्रकाश

भवं भास्वरं भस्मना भूषिताङ्गं भवानीकळत्रं भजे पञ्चवक्त्रम् ॥३॥	पुञ सदृश्य हैं, भस्मअलंकृत हैं, जो भवानिपति हैं, उन पञ्चमुख प्रभु को मैं भजता हूँ ।
शिवाकान्त शंभो शशाङ्कार्धमौले महेशान शूलिन् जटाजूटधारिन् । त्वमेको जगद्व्यापको विश्वरूप प्रसीद प्रसीद प्रभो पूर्णरूप ॥४॥	हे शिवा (पार्वति) पति, शम्भु! हे चन्द्रशेखर! हे महादेव! आप त्रीशूल एवं जटाजूट धारण करने वाले हैं। हे विश्वरूप! सिर्फ आप ही स्मपुर्ण जगद में व्याप्त हैं। हे पूर्णरूप आप प्रसन्न हों, प्रसन्न हों ।
परात्मानमेकं जगद्बीजमाद्यं निरीहं निराकार मोङ्कारवेद्यम् । यतो जायते पाल्यते येन विश्वं तमीशं भजे लीयते यत्र विश्वम् ॥५॥	हे एकमात्र परमात्मा! जगत के आदिकारण! आप इक्षारहित, निराकार एवं ॐकार स्वरूप वाले हैं। आपको सिर्फ प्रण (ध्यान) द्वारा ही जान जा सकता है। आपके द्वारा ही सम्पुर्ण सृष्टी की उतपत्ति होती है, आपही उसका पालन करते हैं तथा अंतत: उसका आप में ही लय हो जाता है। हे प्रभू मैं आपको भजता हूँ ।
न भूमिर्न चापो न वह्निर्न वायुर्न चाकाशमास्ते न तन्द्रा न निद्रा ।न ग्रीष्मो न शीतं न देशो न वेषो न यस्यास्ति मूर्तिस्त्रिमूर्तिं तमीडे ॥६॥	जो न भुमि हैं, न जल, न अग्नि, न वायु और न ही आकाश, – अर्थात आप पंचतत्वों से परे हैं। आप तन्द्रा, निद्रा, गृष्म एवं शीत से भी अलिप्त हैं। आप देश एव वेश की सीमा से भी परे हैं। हे निराकार त्रिमुर्ति मैं आपकी स्तुति करता हूँ ।
अजं शाश्वतं कारणं कारणानां शिवं केवलं भासकं भासकानाम् । तुरीयं तमः पारमाद्यन्तहीनं प्रपद्ये परं पावनं द्वैतहीनम् ॥७॥	हे अजन्मे (अनादि), आप शाश्वत हैं, नित्य हैं, कारणों के भी कारण हैं। हे कल्यानमुर्ति (शिव) आप ही एक मात्र प्रकाशकों को भी प्रकाश प्रदान करने वाले

	हैं। आप तीनो अवस्ताओं से परे हैं। हे आनादि, अनंत आप जो कि अज्ञान से परे हैं, आपके उस परम् पावन अद्वैत स्वरूप को नमस्कार है ।
नमस्ते नमस्ते विभो विश्वमूर्ते नमस्ते नमस्ते चिदानन्दमूर्ते ।नमस्ते नमस्ते तपोयोगगम्य नमस्ते नमस्ते श्रुतिज्ञानगम्य ॥८॥	हे विभो, हे विश्वमूर्ते आपको नमस्कार है, नमस्कार है। हे सबको आनन्द प्रदान करने वाले सदानन्द आपको नमस्कार है, नमस्कार है। हे तपोयोग ज्ञान द्वारा प्राप्त्य आपको नमस्कार है, नमस्कार है। हे वेदज्ञान द्वारा प्राप्त्य (प्रभु) आपको नमस्कार है, नमस्कार है ।
प्रभो शूलपाणे विभो विश्वनाथ महादेव शंभो महेश त्रिनेत्र । शिवाकान्त शान्त स्मरारे पुरारे त्वदन्यो वरेण्यो न मान्यो न गण्यः ॥९॥	हे त्रिशूलधारी ! हे विभो विश्वनाथ ! हे महादेव ! हे शंभो ! हे महेश ! हे त्रिनेत्र ! हे पार्वतिवल्लभ ! हे शान्त ! हे स्मरणिय ! हे त्रिपुरारे ! आपके समक्ष न कोई श्रेष्ठ है, न वरण करने योग्य है, न मान्य है और न गणनीय ही है ।
शंभो महेश करुणामय शूलपाणे गौरीपते पशुपते पशुपाशनाशिन् ।काशीपते करुणया जगदेतदेकस्त्वं हंसि पासि विदधासि महेश्वरोऽसि	हे शम्भो! हे महेश ! हे करूणामय ! हे शूलपाणे ! हे गौरीपति! हे पशुपति ! हे काशीपति ! आप ही सभी प्रकार के पशुपाश (मोह माया) का नाश करने वाले हैं। हे करूणामय आप ही इस जगत के उत्तपत्ति, पालन एवं संहार के कारण हैं। आप ही इसके एकमात्र स्वामि हैं ।
त्वत्तो जगद्भवति देव भव स्मरारे त्वय्येव तिष्ठति जगन्मृड विश्वनाथ ।	हे चराचर विश्वरूप प्रभु, आपके लिंगस्वरूप से ही सम्पुर्ण जगत अपने अस्तित्व में आता है (उसकी उत्तपत्ती होती है), हे शंकर ! हे विश्वनाथ अस्तित्व में आने के

त्वय्येव गच्छति लयं जगदेतदीश लिङ्गात्मकं हर चराचरविश्वरूपिन्	उपरांत यह जगत आप में ही स्थित रहता है – अर्थात आप ही इसका पालन करते हैं। अंतत: यह सम्पुर्ण श्रृष्टी आप में ही लय हो जाती है ।
इति श्रीमच्छंकराचार्यविरचितो वेदसारशिवस्तवः संपूर्णः ॥	
भगवान **शिव-ताण्डव स्तोत्रम्** **महाराज दशग्रीव रावण** ***कृत***	
जटाटवीगलज्जलप्रवाहपावितस्थले गलेऽवलम्ब्य लम्बितां भुजङ्गतुङ्गमालिकाम् । डमड्डमड्डमड्डमन्निनादवड्डमर्वयं चकार चण्डताण्डवं तनोतु नः शिवः शिवम् ॥१॥	जिन्होंने जटारूपी अटवी (वन) से निकलती हुई गंगाजी के गिरते हुए प्रवाहों से पवित्र किये गये गले में सर्पो की लटकती हुई विशाल माला को धारण कर, डमरू के डम - डम शब्दों से मण्डित प्रचण्ड ताण्डव (नृत्य) किया, वे शिवजी हमारे कल्याण का विस्तार करें ॥१ ॥
जटाकटाहसम्भ्रमभ्रमन्निलिम्पनिर्झरी_ विलोलवीचिवल्लरीविराजमानमूर्धनि । धगद्धगद्धगज्जलल्ललाटपट्टपावके किशोरचन्द्रशेखरे रतिः प्रतिक्षणं मम ॥२॥	जिनका मस्तक जटारूपी कड़ाह में वेग से घूमती हुई गंगा की चंचल तरंग - लताओं से सुशोभित हो रहा है, ललाटाग्नि धक् धक् जल रही है, सिरपर बाल चन्द्रमा विराजमान हैं, उन (भगवान् शिव) में मेरा निरन्तर अनुराग हो ॥२ ॥
धराधरेन्द्रनन्दिनीविलासबन्धुबन्धुर स्फुरद्दिगन्तसन्ततिप्रमोदमानमानसे ।	गिरिराज किशोरी पार्वती के विलास कालोपयोगी शिरोभूषण से समस्त दिशाओं को प्रकाशित होते देख जिनका मन आनन्दित हो रहा है, जिनकी निरन्तर

कृपाकटाक्षधोरणीनिरुद्धदुर्धरापदि **क्वचिद्दिगम्बरे मनो विनोदमेतु वस्तुनि ॥३॥**	कृपादृष्टि से कठिन आपत्ति का भी निवारण हो जाता है, ऐसे किसी दिगम्बर तत्त्व में मेरा मन विनोद करे ॥३ ॥
जटाभुजङ्गपिङ्गलस्फुरत्फणामणिप्रभा **कदम्बकुङ्कुमद्रवप्रलिप्तदिग्वधूमुखे ।** **मदान्धसिन्धुरस्फुरत्त्वगुत्तरीयमेदुरे** **मनो विनोदमद्भुतं बिभर्तु भूतभर्तरि ॥४॥**	जिनके जटाजूटवर्ती भुजंगमों के फणों की मणियों का फैलता हुआ पिंगल प्रभा पुंज दिशा रूपिणी अंगनाओं के मुख पर कुंकुम राग का अनुलेप कर रहा है, मत वाले हाथी के हिलते हुए चमड़े का उत्तरीय वस्त्र (चादर) धारण करने से स्निग्धवर्ण हुए उन भूतनाथ में मेरा चित्त अद्भुत विनोद करे ॥४ ॥
सहस्रलोचनप्रभृत्यशेषलेखशेखर **प्रसूनधूलिधोरणी विधूसराङ्घ्रिपीठभूः ।** **भुजङ्गराजमालया निबद्धजाटजूटक** **श्रियै चिराय जायतां चकोरबन्धुशेखरः ॥५॥**	जिनकी चरण पादुकाएँ इन्द्र आदि समस्त देवताओं के [प्रणाम करते समय] मस्तकवी कुसुमों की धूलि से धूसरित हो रही हैं ; नागराज (शेष) के हार से बँधी हुई जटा वाले वे भगवान् चन्द्रशेखर मेरे लिये चिरस्थायिनी सम्पत्ति के साधक हों ॥५ ॥
ललाटचत्वरज्वलद्धनञ्जयस्फुलिङ्गभा **निपीतपञ्चसायकं नमन्निलिम्पनायकम् ।** **सुधामयूखलेखया विराजमानशेखरं** **महाकपालिसम्पदेशिरोजटालमस्तु नः ॥६॥**	जिसने ललाट - वेदी पर प्रज्वलित हुई अग्नि के स्फुलिंगों के तेज से कामदेव को नष्ट कर डाला था, जिसे इन्द्र नमस्कार किया करते हैं, सुधाकर की कलासे सुशोभित मुकुट वाला वह [श्रीमहादेवजीका] उन्नत विशाल ललाटवाला जटिल मस्तक हमारी सम्पत्तिका साधक हो ॥६ ॥

करालभालपट्टिकाधगद्धगद्धगज्ज्वलद्_ धनञ्जयाहुतीकृतप्रचण्डपञ्चसायके । धराधरेन्द्रनन्दिनीकुचाग्रचित्रपत्रक प्रकल्पनैकशिल्पिनि त्रिलोचने रतिर्मम ॥७॥	जिन्होंने अपने विकराल भालपट्टपर धक् - धक् जलती हुई अग्नि में प्रचण्ड कामदेव को हवन कर दिया था , गिरिराज किशोरी के स्तनों पर पत्र भंग रचना करने के एकमात्र कारीगर उन भगवान् त्रिलोचन में मेरी धारणा लगी रहे ॥७ ॥
नवीनमेघमण्डली निरुद्धदुर्धरस्फुरत्_ कुहूनिशीथिनीतमः प्रबन्धबद्धकन्धरः । निलिम्पनिर्झरीधरस्तनोतु कृत्तिसिन्धुरः कलानिधानबन्धुरः श्रियं जगद्धुरंधरः ॥८॥	जिनके कण्ठमें नवीन मेघ माला से घिरी हुई अमावास्या की आधी रात के समय फैलते हुए दुरूह अन्धकार के समान श्यामता अंकित है ; जो गजचर्म लपेटे हुए हैं , वे संसार भार को धारण करने वाले चन्द्रमा [के सम्पर्क] से मनोहर कान्ति वाले भगवान् गंगाधर मेरी सम्पत्ति का विस्तार करें ॥८ ॥
प्रफुल्लनीलपङ्कजप्रपञ्चकालिमप्रभा_ वलम्बिकण्ठकन्दलीरुचिप्रबद्धकन्धरम् । स्मरच्छिदं पुरच्छिदं भवच्छिदं मखच्छिदं गजच्छिदान्धकच्छिदं तमन्तकच्छिदं भजे ॥९॥	जिनका कण्ठदेश खिले हुए नील कमल समूह की श्याम प्रभा का अनुकरणकरनेवाली हरिणी की - सी छविवाले चिह्नसे सुशोभित है तथा जो कामदेव, त्रिपुर, भव (संसार), दक्षयज्ञ, हाथी, अन्धकासुर और यमराजका भी उच्छेदन (संहार) करनेवाले हैं, उन्हें मैं भजता हूँ॥९
अखर्वसर्वमङ्गलाकलाकदम्बमञ्जरी_ रसप्रवाहमाधुरीविजृम्भणामधुव्रतम् ।	जो अभिमान रहित पार्वती की कला रूप कदम्ब मंजरी के मकरन्द स्रोत की बढ़ती हुई माधुरी के पान करने वाले मधुप हैं तथा कामदेव, त्रिपुर, भव, दक्षयज्ञ,

स्मरान्तकं पुरान्तकं भवान्तकं मखान्तकं गजान्तकान्धकान्तकं तमन्तकान्तकं भजे ॥१०॥	हाथी, अन्धकासुर और यमराज का भी अन्त करनेवाले हैं , उन्हें मैं भजता हूँ ॥१० ॥
जयत्वदभ्रविभ्रमभ्रमद्भुजङ्गमश्वसद्_ विनिर्गमत्क्रमस्फुरत्करालभालहव्यवाट् । धिमिद्धिमिद्धिमिध्वनन्मृदङ्गतुङ्गमङ्गल_ ध्वनिक्रमप्रवर्तितप्रचण्डताण्डवः शिवः ॥११॥	जिनके मस्तक पर बड़े वेग के साथ घूमते हुए भुजंग के फुफकारने से ललाट की भयंकर अग्नि क्रमश : धधकती हुई फैल रही है , धिमि धिमि बजते हुए मृदंग के गम्भीर मंगल घोष के क्रमानुसार जिनका प्रचण्ड ताण्डव हो रहा है, उन भगवान शंकर की जय हो ॥११ ॥
स्पृषद्विचित्रतल्पयोर्भुजङ्गमौक्तिकस्रजोर्_ गरिष्ठरत्नलोष्ठयोः सुहृद्विपक्षपक्षयोः । तृणारविन्दचक्षुषोः प्रजामहीमहेन्द्रयोः समप्रवृत्तिकः कदा सदाशिवं भजाम्यहम् ॥१२॥	पत्थर और सुन्दर बिछौनों में, साँप और मुक्ता की माला में , बहुमूल्य रत्न तथा मिट्टी के ढेले में, मित्र या शत्रुपक्षमें, तृण अथवा कमल लोचना तरुणी में, प्रजा और पृथ्वी के महाराज में समान भाव रखता हुआ मैं कब सदा शिव को भनूँगा ? ॥ १२ ॥
कदा निलिम्पनिर्झरीनिकुञ्जकोटरे वसन् विमुक्तदुर्मतिः सदा शिरस्थमञ्जलिं वहन् । विमुक्तलोललोचनो ललामभाललग्नकः शिवेति मन्त्रमुच्चरन्कदा सुखी भवाम्यहम् ॥१३॥	सुन्दर ललाटवाले भगवान् चन्द्रशेखर में दत्तचित्त हो अपने कुविचारों को त्यागकर गंगा जी के तटवर्ती निकुंज के भीतर रहता हुआ सिर पर हाथ जोड़ डबडबायी हुई विह्वल आँखों से ' शिव ' मन्त्र का उच्चारण करता हुआ मैं कब सुखी होऊँगा ? ॥ १३ ॥

इदम् हि नित्यमेवमुक्तमुत्तमोत्तमं स्तवं पठन्स्मरन्ब्रुवन्नरो विशुद्धिमेतिसंततम् । हरे गुरौ सुभक्तिमाशु याति नान्यथा गतिं विमोहनं हि देहिनां सुशङ्करस्य चिन्तनम् ॥१४॥	जो मनुष्य इस प्रकार से उक्त इस उत्तमोत्तम स्तोत्र का नित्य पाठ , स्मरण और वर्णन करता रहता है, वह सदा शुद्ध रहता है और शीघ्र ही सुर गुरु श्री शंकर जी की अच्छी भक्ति प्राप्त कर लेता है , वह विरुद्ध गति को नहीं प्राप्त होता; क्योंकि श्री शिवजी का अच्छी प्रकार का चिन्तन प्राणि वर्ग के मोह का नाश करने वाला है ॥१४ ॥
पूजावसानसमये दशवक्त्रगीतं यः शम्भुपूजनपरं पठति प्रदोषे । तस्य स्थिरां रथगजेन्द्रतुरङ्गयुक्तां लक्ष्मीं सदैव सुमुखीं प्रददाति शम्भुः ॥१५॥	सायंकाल में पूजा समाप्त होने पर रावण के गाये हुए इस शम्भु - पूजन - सम्बन्धी स्तोत्र का जो पाठ करता है, भगवान् शंकर उस मनुष्य को रथ, हाथी, घोड़ों से युक्त सदा स्थिर रहने वाली अनुकूल सम्पत्ति देते हैं ॥ १५ ॥

॥ इति श्रीरावण – कृतम् शिव-ताण्डव स्तोत्रम् सम्पूर्णम् ॥

॥ इस प्रकार श्रीरावणकृत शिवताण्डवस्तोत्र सम्पूर्ण हुआ॥

शिव अष्टोत्तर शत नाम स्तोत्रम् ।

शिवो महेश्वर-श्शंभुः पिनाकी शशिशेखरः	वामदेवो विरूपाक्षः कपर्दी नीललोहितः ॥ 1 ॥
शंकर-श्शूलपाणिश्च खट्वांगी विष्णुवल्लभः	शिपिविष्टोऽंबिकानाथः श्रीकंठो भक्तवत्सलः ॥ 2 ॥
भव-श्शर्व-स्त्रिलोकेशः शितिकंठः शिवाप्रियः	उग्रः कपाली कामारि रंधकासुरसूदनः ॥ 3 ॥

गंगाधरो ललाटाक्षः कालकालः कृपानिधिः	भीमः परशुहस्तश्च मृगपाणि-र्जटाधरः ॥ 4 ॥
कैलासवासी कवची कठोर-स्त्रिपुरांतकः	वृषांको वृषभारूढो भस्मोद्धूलितविग्रहः ॥ 5 ॥
सामप्रिय-स्स्वरमय-स्त्रयीमूर्ति-रनीश्वरः	सर्वज्ञः परमात्मा च सोमसूर्याग्निलोचनः ॥ 6 ॥
हवि-र्यज्ञमय-स्सोमः पंचवक्त्र-स्सदाशिवः	विश्वेश्वरो वीरभद्रो गणनाथः प्रजापतिः ॥ 7 ॥
हिरण्यरेता दुर्धर्षो गिरीशो गिरिशोऽनघः	भुजंगभूषणो भर्गो गिरिधन्वा गिरिप्रियः ॥ 8 ॥
कृत्तिवासाः पुराराति-र्भगवान् प्रमथाधिपः	मृत्युंजय-स्सूक्ष्मतनु-र्जगद्व्यापी जगद्गुरुः ॥ 9 ॥
व्योमकेशो महासेनजनक-श्चारुविक्रमः	रुद्रो भूतपतिः स्थाणु-रहिर्भुध्न्यो दिगंबरः ॥ 10 ॥
अष्टमूर्ति-रनेकात्मा सात्त्विक-श्शुद्धविग्रहः	शाश्वतः खंडपरशु-रजः पाशविमोचकः ॥ 11 ॥
मृडः पशुपति-र्देवो महादेवोऽव्ययो हरिः	पूषदंतभि-दव्यग्रो दक्षाध्वरहरो हरः ॥ 12 ॥
भगनेत्रभि-दव्यक्तो सहस्राक्ष-स्सहस्रपात्	अपवर्गप्रदोऽनंत-स्तारकः परमेश्वरः ॥ 13 ॥
एवं श्री शंभुदेवस्य नाम्नामष्टोत्तरं शतम् ॥	इति श्री शिवाष्टोत्तरशतनामस्तोत्ररत्नं समाप्तम् ।
शिवाष्टकम् ।	
प्रभुं प्राणनाथं विभुं विश्वनाथं जगन्नाथ नाथं सदानन्द भाजाम् ।	भवद्भव्य भूतेश्वरं भूतनाथं, शिवं शङ्करं शम्भु मीशानमीडे ॥ 1 ॥
गले रुण्डमालं तनौ सर्पजालं महाकाल कालं गणेशादि पालम् ।	जटाजूट गङ्गोत्तरङ्गैर्विशालं, शिवं शङ्करं शम्भु मीशानमीडे ॥ 2॥

मुदामाकरं मण्डनं मण्डयन्तं महा मण्डलं भस्म भूषाधरं तम् ।	अनादिं ह्यपारं महा मोहमारं, शिवं शङ्करं शम्भु मीशानमीडे ॥ 3 ॥
वटाधो निवासं महाट्टाट्टहासं महापाप नाशं सदा सुप्रकाशम् ।	गिरीशं गणेशं सुरेशं महेशं, शिवं शङ्करं शम्भु मीशानमीडे ॥ 4 ॥
गिरीन्द्रात्मजा सङ्गृहीतार्धदेहं गिरौ संस्थितं सर्वदापन्न गेहम् ।	परब्रह्म ब्रह्मादिभिर्-वन्द्यमानं, शिवं शङ्करं शम्भु मीशानमीडे ॥ 5॥
कपालं त्रिशूलं कराभ्यां दधानं पदाम्भोज नम्राय कामं ददानम् ।	बलीवर्धमानं सुराणां प्रधानं, शिवं शङ्करं शम्भु मीशानमीडे ॥ 6 ॥
शरच्चन्द्र गात्रं गणानन्दपात्रं त्रिनेत्रं पवित्रं धनेशस्य मित्रम् ।	अपर्णा कलत्रं सदा सच्चरित्रं, शिवं शङ्करं शम्भु मीशानमीडे ॥ 7 ॥
हरं सर्पहारं चिता भूविहारं भवं वेदसारं सदा निर्विकारं।	श्मशाने वसन्तं मनोजं दहन्तं, शिवं शङ्करं शम्भु मीशानमीडे ॥8 ॥
स्वयं यः प्रभाते नरश्शूल पाणे पठेत् स्तोत्ररत्नं त्विहप्राप्यरत्नम् ।	सुपुत्रं सुधान्यं सुमित्रं कलत्रं विचित्रैस्समाराध्य मोक्षं प्रयाति ॥

शिवमहिम्नःस्तोत्रम्

शिव महिम्न स्तोत्र के पाठ से पहले शिवलिंग का कच्चे दूध और गंगाजल से अभिषेक करें,

इसके बाद धूप, दीप, पुष्प और नवैद्य अर्पित करें।

महिम्न: पारं ते परमविदुषो यद्यसदृशी। स्तुतिर्ब्रह्मादीनामपि तदवसन्नास्त्वयि गिर:।। अथावाच्य: सर्व: स्वमतिपरिणामावधि गृणन्। ममाप्येष स्तोत्रे हर निरपवादः परिकर:।	(गन्धर्वराज पुष्पदंत भगवान शंकर की स्तुति के उपक्रम में कहते हैं-) 'हे पाप हरण करने वाले शंकरजी! आपकी अपार महिमा की (असीम) सीमा को न जानने वाले व्यक्ति द्वारा की गई आपकी स्तुति यदि आपके योग्य नहीं है अथवा अनुपयुक्त है, तब तो ब्रह्मादि देवों की वाणी भी आपकी महिमा का वर्णन करने में अनुपयुक्त है या उसके लिए अयोग्य है । और यदि अपनी अपनी सोच अथवा बुद्धि के स्तर पर (या अपने सामर्थ्य के

	अनुरूप) ही आपका यथासंभव गुणगान करने वाले आलोचना के पात्र नहीं हैं, अर्थात् उनका यह कर्म अनिन्दनीय है, तब तो आपकी स्तुति करने का मेरा भी यह प्रयास अनिन्दनीय है ।
अतीत: पन्थानं तव च महिमा वाङ्मनसयो- रतद्व्यावृत्त्या यं चकितमभिधत्ते श्रुतिरपि । स कस्य स्तोतव्य: कतिविधगुण: कस्य विषय: पदे त्वार्वाचीने पतति न मन: कस्य न वच:।	आपकी महिमा (किसी की भी) वाणी व मन की पहुँच से परे है, जिसे वेद भी आश्चर्य से चकित अथवा अचंभित हो कर नेति-नेति कह कर वर्णित करते हैं। ऐसा ब्रह्म किसके द्वारा स्तोतव्य हो सकता है, अर्थात् उस ब्रह्म की महिमा कैसे और किससे गायी जा सकती है ? क्या ऐसा (परात्पर) ब्रह्म भी किसीकी विषय-वस्तु बन सकता है ? तथापि आप के अर्वाचीन रूप अर्थात् अपेक्षाकृत नये रूप में (जो सृष्टि-रचना के पूर्व निर्गुण रूप में रहने वाले ब्रह्म ने सगुण रूप धारण कर व्यक्त किया), किसकी वाणी व किसका मन नहीं रमता ?
मधुस्फीता वाच: परमममृतं निर्मितवत- स्तव ब्रह्मन किं वागपि सुरगुरोर्विस्मयपदम् । मम त्वेतां वाणीं गुणकथनपुण्येन भवत: पुनामीत्यर्थेऽस्मिन् पुरमथन बुद्धिर्व्यवसिता।	हे ब्रह्मन् ! सुमधुर अमृतोपम वेदवाणी आपसे विनिर्मित है, ऐसे (महिमामय प्रभु) आपको देवगुरु (बृहस्पति) की वाणी भी क्या विस्मयाभिभूत कर सकती है ? हे पुरारी ! आपके गुणानुवाद के पुण्य से मेरी यह वाणी पवित्र हो जाये, इस आशय से (मेरी) बुद्धि इसमें (आपके गुणकथन के कार्य में) प्रवृत्त हुई है ।

तवैश्वर्यं यत्तज्जगदुदयरक्षाप्रलयकृत् त्रयीवस्तुव्यस्तं तिसृषु गुणभिन्नासु तनुषु। अभव्यानामस्मिन् वरद रमणीयामरमणीं विहन्तुं व्याक्रोशीं विदधत इहै के जडधिय:।	हे वरप्रदाता प्रभो ! जगत की उत्पति, रक्षा और संहार करने वाला, वेदों द्वारा वर्णित, (सत्व-रज-तम) तीनों भिन्न-भिन्न गुणों के भेद से तीनों (ब्रह्मा-विष्णु-महेश) रूपों में व्याप्त (विभक्त) आपका जो यह दिव्य ऐश्वर्य है, उसका खण्डन करने के लिए (कुत्सित हेतु से) यहां कुछ मूर्ख लोग (नास्तिक जन) अधम लोगों को रुचिकर प्रतीत हों ऐसी (प्रिय लगने वाली)अभद्र युक्तियों का सहारा लेते हैं ।
किमीह: किं काय: स खलु किमुपायस्त्रिभुवनं किमाधारो धाता सृजति किमुपादान इति च। अतर्क्यैश्वर्ये त्वय्यनवसरदु:स्थो हतधिय: कुतर्कोऽयं कांश्चिन्मुखरयति मोहाय जगत:।	सृजनकर्ता (ब्रह्म) किस इच्छा से अथवा किस इच्छा के वशीभूत हो कर, किस देह से, किस उपकरण से, किसे आधार बना कर, किस साधन से तीनों लोकों का सृजन करता है । वह कुतर्क किसी भी तर्क से परे यह जो आपकी दिव्यता है उस तक पंहुच पाने में असमर्थ कुछ नष्टबुद्धि के लोगों को, जगत को मोह-भ्रम में डालने के हेतु से वाचाल बना देता है ।
अजन्मानो लोका: किमवयववन्तोऽपि जगता-मधिष्ठातारं किं भवविधिरनादृत्य भवति। अनीशो वा कुर्याद् भुवनजनने क: परिकरो यतो मन्दास्त्वां प्रत्यमरवर संशेरत इमे।	हे देवों में श्रेष्ठ ! ये पृथ्वी आदि लोक अवयववान (सावयव) होने पर भी क्या जन्म-रहित हो सकते हैं ? क्या जगत की रचना आदि का कार्य भू आदि लोकों के कर्ता के बिना ही हो सकता है ? या कहाजाये कि ईश्वर से भिन्न कोई और व्यक्ति या जीव इसे करने वाला हो सकता है तो लोकों को उत्पन्न करने के हेतु (उसके पास) कौन सी साधन-सामग्री है ? इसलिये वे मंदबुद्धि ही हैं व आपके विषय में संशय करते हैं ।

त्रयी सांख्यं योगः पशुपतिमतं वैष्णवमिति प्रभिन्ने प्रस्थाने परमिदमदः पथ्यमिति च। रुचीनां वैचित्र्यादृजुकुटिलनानापथजुषां नृणामेको गम्यस्त्वमसि पयसामर्णव इव।	हे सुरश्रेष्ठ ! तीनों वेदों , सांख्य – दर्शन , योग – दर्शन, शैवमत , वैष्णव मत आदि भिन्न भिन्न मतों को मानने वाले लोग या विभिन्न मतावलम्बी अपनी रुचियों केअलग-अलग होने के कारण कह देते हैं कि यह मार्ग श्रेष्ठ है, यह मार्ग सेवन योग्य है । (किन्तु) इन सभी के द्वारा प्राप्तव्य एक आप ही हैं , ठीक उसी तरह जैसे टेढे – सीधे रास्तों से हो कर गुजरने वाली नदियों का गम्य स्थल या गंतव्य एक समुद्र ही होता है ।
महोक्षः खट्वाङ्गं परशुरजिनं भस्म फणिनः कपालं चेतीयत्तव वरद तन्त्रोपकरणम्। सुरास्तां तामृद्धिं दधति च भवद्भ्रूप्रणिहितां न हि स्वात्मारामं विषयमृगतृष्णा भ्रमयति।	हे वरदायी (प्रभो) ! (एक) महाकाय बैल, (एक) सोटा, कुठार, बाघाम्बर, चिता की राख, सर्प और खप्पर बस इतने ही आपके जीवन निर्वाह के साधन हैं । (जबकि) आपकी कृपा – कटाक्ष से जो प्राप्त हुईं हैं, उन उन विभूतियों को देवता धारण करते हैं । क्योंकि ऐन्द्रिय सुखों की मृगमरीचिका अपने स्वस्वरूप में स्थित आपको नहीं भरमाती है ।
ध्रुवं कश्चित् सर्वं सकलमपरस्त्वध्रुवमिदं परो ध्रौव्याध्रौव्ये जगति गदति व्यस्तविषये। समस्तेऽप्येतस्मिन् पुरमथन तैर्विस्मित इव स्तुवञ्जिह्रेमि त्वां न खलु ननु धृष्टा मुखरता।	हे त्रिपुरसंहारक ! इस समस्त जगत (व जगत के भीतर आने वाले समस्त पदार्थों) को कोई निश्चित रूप से नित्य बताता है तथा अन्य कोई इसे अनित्य कह देता है । तो कोई और इस जगत के विषय में इसे नित्य – अनित्य दोनों बता कर विपरीत -दिशागामी मत रखता है । इन सभी बातों से विस्मित हुआ-सा भी मैं आपकी स्तुति करता हुआ लाज-संकोच का अनुभव नहीं करता हूं अर्थात् मैं तो आपकी ही आराधना करता हूं , ऐसा कहने में मुझे कोई झिझक नहीं है । वाचालता वास्तव में निर्लज्ज होती है ।

तवैश्वर्यं यत्नाद् यदुपरि विरिञ्चो हरिरध: परिच्छेत्तुं यातावनलमनलस्कन्धवपुष:। ततो भक्तिश्रद्धाभरगुरुगृणद्भ्यां गिरिश यत् स्वयं तस्थे ताभ्यां तव किमनुवृत्तिर्न फलति।	हे कैलाशपति ! अग्निस्तम्भ के समान आपके जिस भव्य तेजोमय लिंग (प्रकाशपुंज सा देदीप्यमान लिंग) को देखकर उसके अर्थात् आपकी परमैश्वर्य के ओर-छोर का सन्धान पाने के लिये (स्तब्ध) ब्रह्मा (अधिकाधक) ऊपर व विष्णु (निम्नातिनिम्न) नीचे की दिशा में प्रयत्न पूर्वक गये, (तब भी) उसकी (ऐश्वर्य की) थाह पाने में अक्षम रहे । तब श्रद्धा और भक्ति के अतिरेक से भरे हुए, आपकी प्रशस्त स्तुति करने वाले उन दोनों के सम्मुख आप स्वयं आकर स्थिर हो गये । शरणागत होकर आपके अनुसरण करने का क्या फल नहीं मिलता ? अर्थात् अवश्यमेव मिलता है ।
अयत्नादापाद्य त्रिभुवनमवैरव्यतिकरं दशास्यो यद् बाहूनभृत रणकण्डूपरवशान्। शिर:पद्मश्रेणी रचितचरणाम्भोरुहबले: स्थिरायास्त्वद्भक्तेस्त्रिपुरहर विस्फूर्जितमिदम्।	हे त्रिपुरान्तक ! (रावण द्वारा अपने) मस्तकरूपी कमलों की क़तार को आपके कमलवत् चरणों में अर्पण करके की गई (उसकी) सुदृढ़ भक्ति का यह प्रताप है कि दशमुख (रावण) ने त्रिलोकी को सहज ही में पूरी तरह शत्रुत्वरहित (शत्रुरहित) बना कर ऐसी भुजाओं को धारण किया, जो युद्ध करने की इच्छा के वशीभूत होकर सदा खुजलाती रहतीं थीं, अर्थात् युद्ध के लिए सदैव विकल रहती थीं ।
अमुष्य त्वत् सेवासमधिगतसारं भुजवनं बलात् कैलासेऽपि त्वदधिवसतौ विक्रमयत:। अलभ्या पातालेऽप्यलसचलिताङ्गुष्ठशिरसि प्रतिष्ठा त्वय्यासीद् ध्रुवमुपचितो मुह्यति खल:।	आपकी सेवा-पूजा करने के फलस्वरूप प्राप्त किये अथवा अर्जित किये गये अजेय भुजाओं के बल-वीर्य से आपके निवासस्थान कैलाश पर भी अपने पराक्रम का हठपूर्वक प्रदर्शन करने वाले उस रावण को, आपके द्वारा (पैर के) अंगूठे के अग्रभाग से तनिक ही

	दबा भर देने से, पाताल लोक में भी टिक पाने के लिये स्थान लब्ध न हुआ । दुष्ट व्यक्ति ऊपर उठ जाने पर (समृद्धि पा लेने पर) भरमा जाता है अथवा कृतघ्न हो जाता है ।
यद्दृद्धिं सुत्राम्णो वरद परमोच्चैरपि सती- मधश्चक्रे बाण: परिजनविधेयस्त्रिभुवन:। न तच्चित्रं तस्मिन् वरिवसितरि त्वच्चरणयोर्न कस्याप्युन्नत्यै भवति शिरसस्त्वय्यवनति:।	हे वरदायी प्रभो ! तीनों लोकों को दास की तरह अपने अधीन रखने वाले बाणासुर ने देवराज इन्द्र के विपुल वैभव के बढ़े-चढ़े हुए होने के उपरान्त भी उसे जो अपने वैभव से नीचा दिखा दिया, इसमें आपके चरणों में प्रणामशील उस बाणासुर का यह कार्य कोई अचम्भे की बात नहीं है । आपके चरणों में शीश झुका कर नमस्कार निवेदित करना किसके उत्कर्ष का कारण न होगा ?
अकाण्डब्रह्माण्डक्षयचकितदेवासुरकृपा- विधेयस्यासीद्यस्त्रिनयनविषं संह्यतवत:। स कल्माष: कण्ठे तव न कुरुते न श्रियमहो विकारोऽपि श्लाघ्यो भुवनभयभङ्गव्यसनिन:।	'हे त्रिनेत्र शंकर! समुद्र-मंथन के कालकूट विष से त्रस्त व भयभीत देवताओं व असुरों पर करुणा करके कालकूट विष का पान करने वाले आपके गले में हे त्रिनेत्र ! जो कालिमा / नीलिमा आ गई है यह आपके गले की शोभा को क्या नहीं बढ़ाती ? क्यों नहीं, अवश्य ही बढ़ाती है । वह आपके गले को शोभा से संपन्न करती है। अहा ! कैसा आश्चर्य है ! संसार पर छाये संकट को तत्क्षण नष्ट करना ही जिनका स्वभाव है, स्वभावगत दुर्बलता है, ऐसे सज्जनों के दूषण / विकार भी प्रशंसा को प्राप्त होते हैं,

असिद्धार्था नैव क्वचिदपि सदेवासुरनरे निवर्तन्ते नित्यं जगति जयिनो यस्य विशिखा:। स पश्यन्नीश त्वामितरसुरसाधारणमभूत् स्मर: स्मर्तव्यात्मा नहि वशिषु पथ्य: परिभव:।	'हे जगदीश! जिस सदा विजयी कामदेव के बाण देव, असुर एवं नर समूह रूप विश्व में नित्य विजेता रहे, कहीं भी असफल होकर नहीं लौटते थे, वही कामदेव जब आपको अन्य देवताओं के समान (जेय) समझने लगा, तब आपके देखते ही वह स्मृतिमात्र शेष रह गया और जितेन्द्रियों का अपमान कल्याणकारी नहीं होता है'।
मही पादाघाताद् व्रजति सहसा संशयपदं पदं विष्णोर्भ्राम्यद्भुजपरिघरुग्णग्रहगणम्। मुहुर्द्यौर्दौ:स्थ्यं यात्यनिभृतजटाताडिततटा जगद्रक्षायै त्वं नटसि ननु वामैव विभुता।	'हे ईश! जब आप ताण्डव करते हैं तब आपके पैरों के आघात (चोट)- से पृथ्वी अचानक संशय को प्राप्त हो जाती है; आकाशमण्डल के ग्रह-नक्षत्र-तारे- आपके घूमते हुए भुजदण्ड (की चोट) से पीड़ित हो जाते हैं । स्वर्ग आपकी खुली हुईं जटाओं के किनारों की चोट से बारम्बार दु:खद स्थिति को प्राप्त हो जाता है। यद्यपि आप जगत की रक्षा के लिए ही ताण्डव करते हैं; फिर भी आपकी प्रभुता वाम हो ही जाती है।
वियद्व्यापी तारागणगुणितफेनोद्गमरुचि: प्रवाहो वारां य: पृषतलघुदृष्टः शिरसि ते। जगद् द्वीपाकारं जलधिवलयं तेन कृतमि- त्यनेनैवोन्नेयं धृतमहिम दिव्यं तव वपु:।	'हे जगदीश! समस्त आकाश में फैले तारों के सदृश फेन की शोभा वाला जो गंगा जल का प्रवाह है, वह आपके सिर पर जलबिंदु के समान दिखाई पड़ा और उसी जल बिंदु ने समुद्ररूपी करधनी के भीतर संसार को द्वीप के समान बना दिया। बस इसी से आपका दिव्य शरीर सर्वोत्कृष्ट है- यह अनुमेय हो जाता है'।।17।।

रथ: क्षोणी यन्ता शतधृतिरगेन्द्रो धनुरथो रथाङ्गे चन्द्रार्कौ रथचरणपाणि: शर इति। दिधक्षोस्ते कोऽयं त्रिपुरतृणमाडम्बरविधि- र्विधेयै: क्रीडन्त्यो न खलु परतन्त्रा: प्रभुधिय:।	हे परमेश्वर! त्रिपुरासुररूपी तृण को दग्ध करने के इच्छुक आपने पृथ्वी को रथ, ब्रह्मा को सारथि, सुमेरू पर्वत को धनुष, चन्द्र और सूर्य को रथ के दोनों चक्के और चक्रपाणि विष्णु को (जो) बाण बनाया, (तो) यह सब आडम्बर (समारंभ) करने का क्या प्रयोजन था? (सर्वसमर्थ आप उसे अपने इच्छा मात्र से जला सकते थे) निश्चय ही अपने वशवर्ती (हाथ में स्थित) खिलौनों से खेलती हुई ईश्वर की बुद्धि पराधीन नहीं होती'
हरिस्ते साहस्त्रं कमलबलिमाधाय पदयोर्यदे कोने तस्मिन् निजमुदहरन्नेत्रकमलम्। गतो भक्त्युद्रेक: परिणतिमसौ चक्रवपुषा त्रयाणां रक्षायै त्रिपुरहर जागर्ति जगताम्।	'हे त्रिपुरारी! भगवान विष्णु ने आपके चरणों में एक हजार कमल चढ़ाने का संकल्प किया था। उनमें जो एक कमल कम पड़ गया तो उन्होंने अपना ही नेत्रकमल उखाड़कर चढ़ा दिया। बस, उनकी यही भक्ति की पराकाष्ठा सुदर्शन चक्र का स्वरूप धारण कर त्रिभुवन की रक्षा के लिए सदा जागरूक है'
क्रतौ सुप्ते जाग्रत्त्वमसि फलयोगे क्रतुमतां क्व कर्म प्रध्वस्तं फलति पुरुषाराधनमृते। अतस्त्वां सम्प्रेक्ष्य क्रतुषु फलदानप्रतिभुवं श्रुतौ श्रद्धां बद्ध्वा दृढपरिकर: कर्मसु जन:।	'हे त्रिपुरारी! (बिना फल दिए ही) यज्ञादि के समाप्त हो जाने पर यज्ञकर्ताओं का यज्ञफल से फल दिलाने के लिए आप तत्पर रहते हैं। कर्म तो करने के बाद नष्ट हो जाता है (वह जड़ है)। अत: चेतन परमेश्वर की आराधना के बिना वह नष्ट कर्म फल देने में समर्थ नहीं होता है। इसलिए आपको यज्ञों के फल देने में समर्थ दाता देखकर पुण्यात्मा लोग वेदवाक्यों में श्रद्धा-विश्वास रखकर (यज्ञ-) कर्म में तत्पर रहते हैं'।।20।।

क्रियादक्षो दक्ष: क्रतुपतिरधीशस्तनुभृतां- मृषीणामार्त्विज्यं शरणद सदस्या: सुरगणा:। क्रतुभ्रेषस्त्वत्त: क्रतुफलविधानव्यसनिनो ध्रुवं कर्तु: श्रद्धाविधुरमभिचाराय हि मखा:।	'हे शरणदाता शंकर! कार्य में कुशल प्रजाजनों का स्वामी प्रजापति दक्ष यज्ञ का यजमान (क्रतुपति) बना था। त्रिकालदर्शी ऋषिगण याज्ञिक (यज्ञ कराने वाले होता आदि) थे। देवगण यज्ञ के सामान्य सदस्य थे। फिर भी यज्ञफल के वितरण के व्यसनी आप से ही यज्ञ का विध्वंस हो गया। अत: यह निश्चित है कि अश्रद्धा से किए गए यज्ञ (कर्म) कर्ता के विनाश के लिए ही सिद्ध होते हैं'
प्रजानाथं नाथ प्रसभमभिकं स्वां दुहितरं गतं रोहिद्भूतां रिरमयिषुमृष्यस्य वपुषा। धनुष्पाणेर्यातं दिवमपि सपत्राकृतममुं त्रसन्तं तेऽद्यापि त्यजति न मृगव्याधरभस:।	'हे स्वामिन्! ब्रह्मा , अपनी दुहिता संध्या को अत्यंत रूप-लावण्यवती देखकर मोहित हो गए। ने अपनी दुहिता से हठपूर्वक रमन करने की इच्छा की। वह लज्जा से मृगी बनकर भागी; तब ब्रह्मा भी मृग बनकर उसके पीछे दौड़े। आप भगवान् भूतभावन ने उन्हें दंड देने के लिए मृग के शिकारी के वेग के समान हाथ में पिनाक धनुष लेकर बाण चला दिया। उससे पीड़ित लज्जित तथा भयभीत होकर ब्रह्मा मृगशिरा नक्षत्र हो गए। फिर रुद्र का बाण भी आर्द्रा नक्षत्र होकर उनके पीछे-भाग में लग गया। वह आज भी पीछा करता हुआ दिखता है। ये दोनों आकाशमंडल में आगे-पीछे देखे जा सकते हैं।।22।।
स्वालावण्याशंसाधृतधनुषमह्नाय तृणवत् पुर: प्लुष्टं दृष्ट्वा पुरमथन पुष्पायुधमपि। यदि स्त्रैणं देवी यमनिरतदेहार्धघटना-	'हे त्रिपुरारी! हे यम-नियमपरायण! हे वरद शंकर! अपने सौंदर्य से शिव पर विजय प्राप्त कर लूंगा'- इस सम्भावना से हाथ में धनुष उठाए हुए कामदेव को सामने ही तुरंत आपके द्वारा तिनके की भांति भस्म होता हुआ देखकर भी यदि देवी (पार्वती)

दवैति त्वामद्धा बत वरद मुग्धा युवतयः।	अर्धनारीश्वर के कारण आपको स्त्रीभक्त जानती हैं तो इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है; क्योंकि स्त्रियां (स्वभावत:) अज्ञानी होती हैं'।।23।।
श्मशानेष्वाक्रीडा स्मरहर पिशाचा: सहचरा-श्चिताभस्मालेप: स्त्रगपि नृकरोटीपरिकर:। अमङ्गल्यं शीलं तव भवतु नामैवमखिलं तथापि स्मर्तृणां वरद परमं मङ्गलमसि।	हे कामरिपु! हे वरद शंकरजी! आप श्मशानों में क्रीड़ा करते हैं, प्रेत-पिशाचगण आपके साथी हैं, चिता की भस्म आपका अंगराग है, आपकी माला भी मनुष्य की खोपड़ियों की है। इस प्रकार यह सब आपका अमंगल (स्वांग) देखने में भले ही अशुभ हो, फिर भी स्मरण करने वाले भक्तों के लिए तो आप परम मंगलमय ही हैं।।
मन: प्रत्यक्चित्ते सविधमवधायात्तमरुत: प्रह्यष्यद्रोमाण: प्रमदसलिलोत्सङ्गितदृश:। यदालोक्याह्लादं ह्रद इव निमज्यामृतमये दधत्यन्तस्तत्त्वं किमपि यमिनस्तत् किल भवान्।	'हे प्रभो! (शम-दम आदि साधनों से संपन्न) यमीलोग शास्त्रोपदिष्ट विधि से- प्राणायाम हृदयकमल में मन को बहिर्मुखी , सभी वृत्तियों से शून्य करके अपने भीतर जिस किसी विलक्षण (आनंद रूप परब्रह्म चिन्मात्र) तत्त्व का दर्शन कर रोमांचित हो जाते हैं और उनकी आंखें आनंद के आंसुओं से भर जाती हैं। उस समय मानो वे अमृत के समुद्र में अवगाहन कर दिव्य आनंद का अनुभव करते हैं; वह निर्गुण आनंदस्वरूप ब्रह्म निश्चय रूप से आप ही हैं'।
त्वमर्कस्त्वं सोमस्त्वमसि पवनस्त्वं हुतवह-स्त्वमापस्त्वं व्योम त्वमु धरणिरात्मा त्वमिति च।	हे भगवन्! परिपक्व बुद्धि वाले प्रौढ़ विद्वान्- आप सूर्य हैं, आप चन्द्र हैं, आप पवन हैं, आप अग्नि हैं, आप जल हैं, आप आकाश हैं, आप पृथ्वी हैं, आप आत्मा हैं- इस प्रकार

परिच्छिन्नामेवं त्वयि परिणता बिभ्रतु गिरं न विद्मस्तत्तत्त्वं वयमिह तु यत्त्वं न भवसि।	की सीमित अर्थयुक्त वाणी आपके विषय में कहते रहे हैं; पर हम तो विश्व में ऐसा कोई तत्त्व नहीं जानते, जो स्वयं साक्षात् आप न हों।।26।।
त्रयीं तिस्त्रो वृत्तीस्त्रिभुवनमथो त्रीनपि सुरा- नकाराद्यैर्वर्णैस्त्रिभिरभिदधत् तीर्णविकृति। तुरीयं ते धाम ध्वनिभिरवरुन्धानमणुभि: समस्तं व्यस्तं त्वं शरणद गृणात्योमिति पदम्।	'हे शरण देने वाले! ओम्- यह शब्द अपने व्यस्त (पृथक्-पृथक् अक्षर वाले) अकार, उकार, मकार रूप से तीनों वेद (ऋक्, यजुः, साम), तीनों अवस्था (जाग्रत्-स्वप्न-सुषुप्ति), तीनों लोक (स्वर्ग-भूमि-पाताल), तीनों देवता (ब्रह्मा-विष्णु-महेश), तीनों शरीर (स्थूल-सूक्ष्म-कारण), तीनों रूप (विश्व-तैजस-प्राज्ञ) आदि के रूप में आपका ही प्रतिपादन करता है तथा अपने अवयवों के समष्टि (संयुक्त-समस्त)- रूप (ॐ)- से निर्विकार निष्कल तीन अवस्था एवं त्रिपुटियों से रहित आपके तुरीय स्वरूप की सूक्ष्म ध्वनियों से ग्रहण कर प्रतिपादन करता है'
भव: शर्वो रुद्र: पशुपतिरथोग्र: सहमहां- स्तथा भीमेशानाविति यदभिधानाष्टकमिदम्। अमुष्मिन् प्रत्येकं प्रविचरति देव श्रुतिरपि प्रियायास्मै धाम्ने प्रविहितनमस्योऽस्मि भवते।	हे महादेव! आपके जो आठ अभिधान (नाम)- भव, शर्व, रुद्र, पशुपति, उग्र, महादेव, भीम और ईशान हैं, उनमें प्रत्येक में वेद मंत्र भी पर्याप्त मात्रा में विचरण करते हैं और वेदानुगामी पुराण भी इन नामों में विचरते हैं; अर्थात् वेद-पुराण सभी उन आठों नामों का अतिशय प्रतिपादन करते हैं। अत: परम प्रिय एवं प्रत्यक्ष समस्त जगत् के आश्रय आपको मैं साष्टांगप्रणाम करता हूं।।28।।

नमो नेदिष्ठाय प्रियदव दविष्ठाय च नमो नम: क्षोदिष्ठाय स्मरहर महिष्ठाय च नम:। नमो वर्षिष्ठाय त्रिनयन यविष्ठाय च नमो नम: सर्वस्मै ते तदिदमिति शर्वाय च नम:।	'हे अति निकटवर्ती और एकांत (निर्जन) वन-विहार के प्रेमी! आपको प्रणाम है; अति दूरवर्ती आपको प्रणाम है। हे कामारि! अति लघु (सूक्ष्मरूपधारी) आपको प्रणाम है। हे अति महान! आपको प्रणाम है। हे त्रिनेत्र! वृद्धतम! आपको नमस्कार है; अत्यंत युवक! आपको प्रणाम है। सर्वस्वरूप! आपको नमस्कार है; परोक्ष, प्रत्यक्ष पद से परे अनिर्वचनीय सबके अधिष्ठानस्वरूप! आपको नमस् कार है'।।29।।
बहुलरज से विश्वोत्पत्तौ भवाय नमो नम: प्रबलतम से तत्संहारे हराय नमो नम:। जनसुखकृते सत्त्वोद्रिक्तौ मृडाय नमो नम: प्रमहसि पदे निस्त्रैगुण्ये शिवाय नमो नम:।	'विश्व की सृष्टि के लिए रजोगुण की अधिकता धारण करने वाले ब्रह्मारूपधारी! आपको बारंबार नमस्कार है। विश्व के संहार के लिए तमोगुण की अधिकता धारण करने वाले रुद्र रूपधारी! आपको बारंबार नमस्कार है। समस्त जीवों के सुख के लिए सत्त्व गुण की अधिकता धारण करने वाले विष्णुरूपधारी मृड को बारंबार नमस्कार है। स्वयं प्रकाश मोक्ष के लिए त्रिगुणातीत, मंगलमय अद्वैत शिव को बारंबार नमस्कार है'।
कृशपरिणति चेत: क्लेशवश्यं क्व चेदं क्व च तव गुणसीमोल्लङ्घिनी शश्वदृद्धिः। इति चकितममन्दीकृत्य मां भक्तिराधाद् वरद चरणयोस्ते वाक्यपुष्पोपहारम्।	'हे वरद शिव! कष्टों के वशीभूत कहां तो यह मेरा चित्त और कहां संपूर्ण गुणों की सीमा के बाहर पहुंची सदा त्रिकाल स्थायिनी आपकी ऋद्धि (विभूति)। इसी भय ग्रस्त आपके चरणों की भक्ति ने मुझे उत्साहित कर आपके चरणों में मुझ से वाक्य रूपी पुष्पोपहार, वाक्य कुसुमांजलि, वाक्यचय की स्तुतिरूपी अञ्जलि समर्पित कराई है'।

असितगिरिसमं स्यात् कज्जलं सिन्धुपात्रे सुरतरुवरशाखा लेखनी पत्रमुर्वी। लिखति यदि गृहीत्वा शारदा सर्वकालं तदपि तव गुणानामीश पारं न याति।	'हे ईश! यदि काले पर्वत के समान स्याही हो, समुद्र की दवात हो, कल्पवृक्ष की शाखाओं की कलम बने, पृथ्वी कागज बने और इन साधनों से यदि सरस्वती जीवन पर्यन्त आपके गुणों को लिखें तब भी वे आपके गुणों का पार नहीं पा सकेंगी'।।32।।
असुरसुरमुनीन्द्रैरर्चितस्येन्दुमौले- र्ग्रथितगुणमहिम्नो निर्गुणस्येश्वरस्य। सकलगणवरिष्ठः पुष्पदंताभिधानो रुचिरमलघुवृत्तैः स्तोत्रमेतच्च कार।	'इस प्रकार शिव के सभी गणों में श्रेष्ठ पुष्पदंत नामक गंधर्व ने दैत्येन्द्रों, सुरेन्द्रों एवं मुनीन्द्रों से पूजित, समस्त गुणों से परिपूर्ण होते हुए भी जगदीश्वर चन्द्रशेखर भगवान् शिवजी के इस सुन्दर स्तोत्र को बड़े छंदों में (स्तुति-हेतु) बनाया'।।33।।
अहरहरनवद्यं धूर्जटेः स्तोत्रमेतत् पठति परमभक्तया शुद्धचित्तः पुमान् यः। स भवति शिवलोके रुद्रतुल्यस्तथात्र प्रचुरतरधनायुः पुत्रवान् कीर्तिमांश्च।	जो व्यक्ति पवित्र अंतःकरण (हृदय)- से परम भक्ति के साथ भगवान् शंकर के इस प्रशंसनीय स्तोत्र का नित्य पाठ करता है, वह इस लोक में पर्याप्त धन एवं आयु को पाता है, पुत्रवान् और यशस्वी होता है तथा (मृत्यु के बाद) शिवलोक को प्राप्त कर शिव के समान (आनंदमग्न) रहता है'।।34।।
महेशान्नापरो देवो महिम्नो नापरा स्तुतिः। अघोरान्नापरो मंत्रो नास्ति तत्त्वं गुरो परम्।	'महेश से बढ़कर (उत्तम) कोई देवता नहीं है, शिवमहिम्नः स्तोत्र से बढ़कर कोई स्तोत्र नहीं है। अघोर मंत्र से बढ़कर कोई मंत्र नहीं है, गुरु से बढ़कर कोई तत्त्व नहीं है'।।

दीक्षा दानं तपस्तीर्थं ज्ञानं यागादिका: क्रिया:। महिम्न: स्तवपाठस्य कलां नार्हन्ति षोडशीम्।	'मंत्र आदि की दीक्षा, दान, तप, तीर्थाटन, ज्ञान तथा यज्ञादि- ये सब शिवमहिम्न: स्तोत्र की सोलहवीं कला (अंश)- को भी नहीं पा सकते'।।36।।
कुसुमदशननामा सर्वगन्धराज: शिशुशशिधरमौलेर्देवदेवस्य दास:। स खलु निजमहिम्नो भ्रष्ट एवास्य रोषात् स्तवनमिदमकार्षीद् दिव्यदिव्यं महिम्न:।	बालचन्द्र को सिर पर धारण करने वाले देवादिधेव महादेव का पुष्पदंत नामक एक दास, जो सभी गंधर्वों का राजा था, इन शिवजी के कोप से अपने ऐश्वर्य से च्युत हो गया था। उसने इस परम दिव्य शिवमहिम्न: स्तोत्र की रचना की' जिससे पुन: उसने उनकी कृपा प्राप्त की।।37।।
सुरवरमुनिपूज्यं स्वर्गमोक्षैकहेतुं पठति यदि मनुष्य: प्राञ्जलिर्नान्यचेता:। व्रजति शिवसमीपं किन्नरैः स्तूयमान: स्तवनमिदममोघं पुष्पदंतप्रणीतम्।	'यदि मनुष्य हाथ जोड़कर एकाग्र चित्त से देवताओं, मुनियों के पूज्य, स्वर्ग एवं मोक्ष को देने वाले, पुष्पदंत रचित इस अमोघ (अवश्य फल देने वाले) स्तोत्र का पाठ करता है तो वह किन्नरों से स्तुति (प्रशंसा) प्राप्त करता हुआ भगवान् शिव के समीप (शिवलोक में) पहुंच जाता है'।।38।।
आसमाप्तमिदं स्तोत्रं पुण्यं गंधर्वभाषितम्। अनौपम्यं मनोहारि शिवमीश्वरवर्णनम्।	'पुष्पदंतरचित यह संपूर्ण स्तोत्र (आदि से अंत तक) पवित्र है, अनुपम है, मनोहर है, शिव (मंगलमय) है। इस में ईश्वर (शिव)- का वर्णन है'।।39।।
इत्येषा वाङ्मयी पूजा श्रीमच्छङ्करपादयो:। अर्पिता तेन देवेश: प्रीयतां मे सदाशिवा:।	इस प्रकार महामहिमामय शिव के चरणों में मैंने यह शब्दमयी भेंट चढ़ायी है । देवाधिदेव भगवान् सदाशिव (कृपापूर्वक) इस पूजा से प्रसन्न होवें ।

तव तत्त्वं न जानामि कीदृशोऽसि महेश्वर । यादृशोऽसि महादेव तादृशाय नमो नमः ।	हे महेश्वर ! मैं आपके तत्व (रहस्य) को नहीं जानता हूं कि आप कैसे हो । परन्तु हे महादेव ! आप जिस किसी तरह के हो, जैसे हो, वैसे के वैसे लगन आपको मैं बार-बार प्रणाम करता हूँ ।
एककालं द्विकालं वा त्रिकालं यः पठेन्नरः । सर्वपापविनिर्मुक्तः शिवलोके महीयते ।	जो कोई भी जन इसे एक बार, दो बार अथवा तीन बार पढ़ता है, वह जन सब पापों से मुक्त होकर शिवलोक में बस जाता है ।
श्रीपुष्पदन्तमुखपंकजनिर्गतेन स्तोत्रेण किल्बिषहरेण हरप्रियेण । कण्ठस्थितेन पठितेन समाहितेन सुप्रीणितो भवति भूतपतिर्महेशः ।	श्रीपुष्पदन्त के मुखकमल से निकले हुए इस पापहारी, शिव के प्रीतिपात्र स्तोत्र को कण्ठस्थ करने से, पढ़ने से एवं इसका ध्यान करने से भगवान् भूतनाथ महेश सदा प्रसन्न होते हैं । **।।इति गन्ध्वराजपुष्पदन्तकृतं शिवमहिम्नः स्तोत्रं सम्पूर्णम् ।।**

श्री **शिव सहस्त्र नाम स्तोत्रम्**

शुक्लाम्बरधरं विष्णुं शशिवर्णं चतुर्भुजम्।	प्रसन्नवदनं ध्यायेत् सर्वविघ्नोपशान्तये॥
नमोऽस्तु ते व्यास विशालबुद्धे फुल्लारविन्दायतपत्रनेत्र।	येन त्वया भारततैलपूर्णः प्रज्वालितो ज्ञानमयः प्रदीपः॥
नारायणं नमस्कृत्य नरं चैव नरोत्तमम्।	देवीं सरस्वतीं व्यासं ततो जयमुदीरयेत्॥
वन्दे शम्भुमुमापतिं सुरगुरुं वन्दे जगत्कारणम्	वन्दे पन्नगभूषणं मृगधरं वन्दे पशूनां पतिम्।

वन्दे सूर्यशशाङ्कवह्निनयनं वन्दे मुकुन्दप्रियम्	वन्दे भक्तजनाश्रयं च वरदं वन्दे शिवं शङ्करम्॥
युधिष्ठिर उवाच	
त्वयाऽऽपगेय नामानि श्रुतानीह जगत्पतेः।	पितामहेशाय विभोर्नामान्याचक्ष्व शम्भवे॥१॥
बभ्रवे विश्वरूपाय महाभाग्यं च तत्त्वतः।	सुरासुरगुरौ देवे शङ्करेऽव्यक्तयोनये॥२॥
भीष्म उवाच	
अशक्तोऽहं गुणान् वक्तुं महादेवस्य धीमतः।	यो हि सर्वगतो देवो न च सर्वत्र दृश्यते॥३॥
ब्रह्मविष्णुसुरेशानां स्रष्टा च प्रभुरेव च।	ब्रह्मादयः पिशाचान्ता यं हि देवा उपासते॥४॥
प्रकृतीनां परत्वेन पुरुषस्य च यः परः।	चिन्त्यते यो योगविद्भिर्ऋषिभिस्तत्त्वदर्शिभिः॥५॥
प्रकृतिं पुरुषं चैव क्षोभयित्वा स्वतेजसा।	ब्रह्माणमसृजत् तस्माद्देवदेवः प्रजापतिः॥६॥
को हि शक्तो गुणान् वक्तुं देवदेवस्य धीमतः।	गर्भजन्मजरायुक्तो मर्त्यो मृत्युसमन्वितः॥७॥
को हि शक्तो भवं ज्ञातुं मद्विधः परमेश्वरम्।	ऋते नारायणात् पुत्र शङ्खचक्रगदाधरात्॥८॥
एष विद्वान् गुणश्रेष्ठो विष्णुः परमदुर्जयः।	दिव्यचक्षुर्महातेजा वीक्ष्यते योगचक्षुषा॥९॥
रुद्रभक्त्या तु कृष्णेन जगद्व्याप्तं महात्मना।	तं प्रसाद्य तदा देवं बदर्यां किल भारत॥१०॥
अर्थात् प्रियतरत्वं च सर्वलोकेषु वै तदा।	प्राप्तवानेव राजेन्द्र सुवर्णाक्षान्महेश्वरात्॥११॥
पूर्णं वर्षसहस्रं तु तप्तवानेष माधवः।	प्रसाद्य वरदं देवं चराचरगुरुं शिवम्॥१२॥

युगे युगे तु कृष्णेन तोषितो वै महेश्वरः।	भक्त्या परमया चैव प्रीतश्चैव महात्मनः॥१३॥
ऐश्वर्यं यादृशं तस्य जगद्योनेर्महात्मनः।	तदयं दृष्टवान् साक्षात् पुत्रार्थे हरिरच्युतः॥१४॥
यस्मात् परतरं चैव नान्यं पश्यामि भारत।	व्याख्यातुं देवदेवस्य शक्तो नामान्यशेषतः॥१५॥
एष शक्तो महाबाहुर्वक्तुं भगवतो गुणान्।	विभूतिं चैव कार्त्स्न्येन सत्यां माहेश्वरीं नृप॥१६॥
सुरासुरगुरो देव विष्णो त्वं वक्तुम् अर्हसि।	शिवाय शिवरूपाय यन्माऽपृच्छद्युधिष्ठिरः॥१७॥
नाम्नां सहस्रं देवस्य तण्डिना ब्रह्मवादिना।	निवेदितं ब्रह्मलोके ब्रह्मणो यत् पुराऽभवत्॥१८॥
द्वैपायनप्रभृतयस्तथा चेमे तपोधनाः।	ऋषयः सुव्रता दान्ताः शृण्वन्तु गदतस्तव॥१९॥
वासुदेव उवाच	
न गतिः कर्मणां शक्या वेत्तुमीशस्य तत्त्वतः।	हिरण्यगर्भप्रमुखा देवाः सेन्द्रा महर्षयः॥२०॥
न विदुर्यस्य निधनम् आदिं वा सूक्ष्मदर्शिनः।	स कथं नाममात्रेण शक्यो ज्ञातुं सतां गतिः॥२१॥
तस्याहम् असुरघ्नस्य कांश्चिद्भगवतो गुणान्।	भवतां कीर्तयिष्यामि व्रतेशाय यथातथम्॥२२॥
वैशम्पायन उवाच	
एवमुक्त्वा तु भगवान् गुणांस्तस्य महात्मनः।	उपस्पृश्य शुचिर्भूत्वा कथयामास धीमतः॥२३॥
वासुदेव उवाच	
ततः स प्रयतो भूत्वा मम तात युधिष्ठिर।	प्राञ्जलिः प्राह विप्रर्षिर्नामसङ्ग्रहामादितः॥२४॥

<table>
<tr><td colspan="3">उपमन्युरुवाच</td></tr>
<tr><td colspan="2">ब्रह्मप्रोक्तैऋषिप्रोक्तैर्वेदवेदाङ्गसम्भवैः।</td><td>सर्वलोकेषु विख्यातं स्तुत्यं स्तोष्यामि नामभिः॥२५॥</td></tr>
<tr><td colspan="2">महद्भिर्विहितैः सत्यैः सिद्धैः सर्वार्थसाधकैः।</td><td>ऋषिणा तण्डिना भक्त्या कृतैर्वेदकृतात्मना॥२६॥</td></tr>
<tr><td colspan="2">यथोक्तैः साधुभिः ख्यातैर्मुनिभिस्तत्त्वदर्शिभिः।</td><td>प्रवरं प्रथमं स्वर्ग्यं सर्वभूतहितं शुभम्॥२७॥</td></tr>
<tr><td>श्रुतैः सर्वत्र जगति ब्रह्मलोकावतारितैः।</td><td>सत्यैस्तत् परमं ब्रह्म ब्रह्मप्रोक्तं सनातनम्।</td><td>वक्ष्ये यदुकुलश्रेष्ठ शृणुष्वावहितो मम॥</td></tr>
<tr><td colspan="2">वरयैनं भवं देवं भक्तस्त्वं परमेश्वरम्।</td><td>तेन ते श्रावयिष्यामि यत् तद्ब्रह्म सनातनम्॥२९॥</td></tr>
<tr><td colspan="2">न शक्यं विस्तरात् कृत्स्नं वक्तुं शर्वस्य केनचित्।</td><td>युक्तेनापि विभूतीनामपि वर्षशतैरपि॥३०॥</td></tr>
<tr><td colspan="2">यस्यादिर्मध्यमन्तं च सुरैरपि न गम्यते।</td><td>कस्तस्य शक्नुयाद्वक्तुं गुणान् कार्त्स्न्येन माधव॥३१॥</td></tr>
<tr><td colspan="2">किं तु देवस्य महतः सङ्क्षिप्तार्थपदाक्षरम्।</td><td>शक्तितश्चरितं वक्ष्ये प्रसादात् तस्य धीमतः॥३२॥</td></tr>
<tr><td colspan="2">अप्राप्य तु ततोऽनुज्ञां न शक्यः स्तोतुमीश्वरः।</td><td>यदा तेनाभ्यनुज्ञातः स्तुतो वै स तदा मया॥३३॥</td></tr>
<tr><td colspan="2">अनादिनिधनस्याहं जगद्योनेर्महात्मनः।</td><td>नाम्नां कञ्चित् समुद्देश्यं वक्ष्याम्यव्यक्तयोनिनः॥३४॥</td></tr>
<tr><td colspan="2">वरदस्य वरेण्यस्य विश्वरूपस्य धीमतः।</td><td>शृणु नाम्नां चयं कृष्ण यदुक्तं पद्मयोनिना॥३५॥</td></tr>
<tr><td colspan="2">दशनामसहस्राणि यान्याह प्रपितामहः।</td><td>तानि निर्मथ्य मनसा दध्नो घृतमिवोद्धृतम्॥३६॥</td></tr>
<tr><td colspan="2">गिरेः सारं यथा हेम पुष्पसारं यथा मधु।</td><td>घृतात् सारं यथा मण्डस्तथैतत् सारमुद्धृतम्॥३७॥</td></tr>
</table>

सर्वपापापहमिदं चतुर्वेदसमन्वितम्।	प्रयत्नेनाधिगन्तव्यं धार्यं च प्रयतात्मना॥३८॥	
माङ्गल्यं पोष्टिकं चैव रक्षोघ्नं पावनं महत् ॥	इदं भक्ताय दातव्यं श्रद्दयानास्तिकाय च ।	नाश्रद्दधानरुपाय नास्तिकायाजितात्मने ॥ १७
यश्चाभ्यसूयते देवं कारणात्मानमीश्वरम् ।	स कृष्ण नरकं याति सह पूर्वैः सहात्मजैः ॥ १८	
इदं ध्यानमिदं योगमिदं ध्येयमनुत्तमम् ।	इदं जप्यमिदं ज्ञानं रहस्यमिदमुत्तमम् ॥ १९	
यं ज्ञात्वा अन्तकालेऽपि गच्छेत परमां गतिम् ।	पवित्रं मङ्गलं मेध्यं कल्याणमिदमुत्तमम् ॥ २०	
इदं ब्रह्मा पुरा कृत्वा सर्वलोकपितामहः ।	सर्वस्तवानां राजत्वे दिव्यानां समकल्पयत् ॥ २१	
तदाप्रभृति चैवायमीश्वरस्य महात्मनः ।	स्तवराज इति ख्यातो जगत्यमरपूजितः ॥ २२	
ब्रह्मलोकादयं स्वर्गे स्तवराजोऽवतारितः ।	यतस्तण्डिः पुरा प्राप तेन तण्डिकृतोऽभवत् ॥ २३	
स्वर्गाच्चैवात्र भूर्लोकं तण्डिना ह्यवतारितः ।	सर्वमङ्लमाङ्ल्यं सर्वपापप्रणाशनम् ॥ २४	
निगदिष्ये महाबाहो स्तवानामुत्तमं स्तवम् ।	ब्रह्मणामपि यद् ब्रह्म पराणामपि यत् परम् ॥ २५	
तेजसामपि यत् तेजस्तपसामपि यत् तपः ।	शान्तानामपि यः शान्तो द्युतिनामपि या द्युतिः ॥ २६	
दान्तानामपि यो दान्तो धीमतामपि या च धीः ।	देवनामपि यो देव ऋषीणामपि यस्त्वृषिः ॥ २७	
यज्ञानामपि यो यज्ञः शिवानामपि यः शिवः ।	रुद्राणामपि यो रुद्रः प्रभा प्रभवतामपि ॥ २८	
योगिनामपि यो योगी कारणानां च कारणम् ।	यतो लोकाः सम्भवन्ति न भवन्ति यतः पुनः ॥ २९	
सर्वभूतात्मभूतस्य हरस्यामिततेजसः।	अष्टोत्तरसहस्रं तु नाम्नां शर्वस्य मे शृणु।	यच्छ्रुत्वा मनुजव्याघ्र सर्वान् कामानवाप्स्यसि॥
॥ ध्यानम्॥		

शान्तं पद्मानस्थं शशिधरमुकुटं पञ्चवक्त्रं त्रिनेत्रम्	शूलं वज्रं च खड्गं परशुमभयदं दक्षभागे वहन्तम्।
नागं पाशं घण्टां प्रलयहुतवहं साङ्कुशं वामभागे	नानालङ्कारयुक्तं स्फटिकमणिनिभं पार्वतीशं नमामि॥
ध्यायेन्नित्यं महेशं रजतगिरिनिभं चारुचन्द्रावतंसं	रत्नाकल्पोज्ज्वलाङ्गं परशुमृगवराभीतिहस्तं प्रसन्नम् ।
पद्मासीनं समन्तात् स्तुतममरगणैर्व्याघ्रकृत्तिं वसानं	विश्वाद्यं विश्ववन्द्यं निखिलभयहरं पञ्चवक्त्रं त्रिनेत्रम् ॥
॥ स्तोत्रम्॥	
ॐ स्थिरः स्थाणुः प्रभुर्भीमः प्रवरो वरदो वरः ।	सर्वात्मा सर्वविख्यातः सर्वः सर्वकरो भवः ॥ १॥
जटी चर्मी शिखण्डी च सर्वांगः सर्वभावनः ।	हरश्च हरिणाक्षश्च सर्वभूतहरः प्रभुः ॥ २॥
प्रवृत्तिश्च निवृत्तिश्च नियतः शाश्वतो ध्रुवः ।	श्मशानवासी भगवान् खचरो गोचरोऽर्दनः ॥ ३॥
अभिवाद्यो महाकर्मा तपस्वी भूतभावनः ।	उन्मत्तवेषप्रच्छन्नः सर्वलोकप्रजापतिः ॥ ४॥
महारूपो महाकायो वृषरूपो महायशाः ।	महात्मा सर्वभूतात्मा विश्वरूपो महाहनुः ॥ ५॥
लोकपालोऽन्तर्हितात्मा प्रसादो हयगर्दभिः ।	पवित्रं च महांश्चैव नियमो नियमाश्रितः ॥ ६॥
सर्वकर्मा स्वयंभूत आदिरादिकरो निधिः ।	सहस्राक्षो विशालाक्षः सोमो नक्षत्रसाधकः ॥ ७॥
चन्द्रः सूर्यः शनिः केतुर्ग्रहो ग्रहपतिर्वरः ।	अत्रिरत्र्यानमस्कर्ता मृगबाणार्पणोऽनघः ॥ ८॥
महातपा घोरतपा अदीनो दीनसाधकः ।	संवत्सरकरो मन्त्रः प्रमाणं परमं तपः ॥ ९॥
योगी योज्यो महाबीजो महारेता महाबलः ।	सुवर्णरेताः सर्वज्ञः सुबीजो बीजवाहनः ॥ १०॥

दशबाहुस्त्वनिमिषो नीलकण्ठ उमापतिः ।	विश्वरूपः स्वयंश्रेष्ठो बलवीरोऽबलो गणः ॥ ११॥
गणकर्ता गणपतिर्दिग्वासाः काम एव च ।	मन्त्रवित्परमोमन्त्रः सर्वभावकरो हरः ॥ १२॥
कमण्डलुधरो धन्वी बाणहस्तः कपालवान् ।	अशनी शतघ्नी खड्गी पट्टिशी चायुधी महान् ॥ १३॥
स्रुवहस्तः सुरूपश्च तेजस्तेजस्करो निधिः ।	उष्णिषी च सुवक्त्रश्च उदग्रो विनतस्तथा ॥ १४॥
दीर्घश्च हरिकेशश्च सुतीर्थः कृष्ण एव च ।	सृगालरूपः सिद्धार्थो मुण्डः सर्वशुभंकरः ॥ १५॥
अजश्च बहुरूपश्च गन्धधारी कपर्द्यपि ।	ऊर्ध्वरेता ऊर्ध्वलिंग ऊर्ध्वशायी नभःस्थलः ॥ १६॥
त्रिजटी चीरवासाश्च रुद्रः सेनापतिर्विभुः ।	अहश्चरोनक्तंचरस्तिग्ममन्युः सुवर्चसः ॥ १७॥
गजहा दैत्यहा कालो लोकधाता गुणाकरः ।	सिंहशार्दूलरूपश्च आर्द्रचर्माम्बरावृतः ॥ १८॥
कालयोगी महानादः सर्वकामश्चतुष्पथः ।	निशाचरः प्रेतचारी भूतचारी महेश्वरः ॥ १९॥
बहुभूतो बहुधरः स्वर्भानुरमितो गतिः ।	नृत्यप्रियो नित्यनर्तो नर्तकः सर्वलालसः ॥ २०॥
घोरो महातपाः पाशो नित्यो गिरिरुहो नभः ।	सहस्रहस्तो विजयो व्यवसायो ह्यतन्द्रितः ॥ २१॥
अधर्षणो धर्षणात्मा यज्ञहा कामनाशकः ।	दक्षयागापहारी च सुसहो मध्यमस्तथा ॥ २२॥
तेजोपहारी बलहा मुदितोऽर्थोऽजितो वरः ।	गम्भीरघोषो गम्भीरो गम्भीरबलवाहनः ॥ २३॥
न्यग्रोधरूपो न्यग्रोधो वृक्षकर्णस्थितिर्विभुः ।	सुतीक्ष्णदशनश्चैव महाकायो महाननः ॥ २४॥
विष्वक्सेनो हरिर्यज्ञः संयुगापीडवाहनः ।	तीक्ष्णतापश्च हर्यश्वः सहायः कर्मकालवित् ॥ २५॥

विष्णुप्रसादितो यज्ञः समुद्रो बडवामुखः ।	हुताशनसहायश्च प्रशान्तात्मा हुताशनः ॥ २६॥
उग्रतेजा महातेजा जन्यो विजयकालवित् ।	ज्योतिषामयनं सिद्धिः सर्वविग्रह एव च ॥ २७॥
शिखी मुण्डी जटी ज्वाली मूर्तिजो मूर्धगो बली ।	वैणवी पणवी ताली खली कालकटंकटः ॥ २८॥
नक्षत्रविग्रहमतिर्गुणबुद्धिर्लयोऽगमः ।	प्रजापतिर्विश्वबाहुर्विभागः सर्वगोऽमुखः ॥ २९॥
विमोचनः सुसरणो हिरण्यकवचोद्भवः ।	मेढ्रजो बलचारी च महीचारी स्रुतस्तथा ॥ ३०॥
सर्वतूर्यविनोदी च सर्वातोद्यपरिग्रहः ।	व्यालरूपो गुहावासी गुहो माली तरंगवित् ॥ ३१॥
त्रिदशस्त्रिकालधृक्कर्मसर्वबन्धविमोचनः ।	बन्धनस्त्वसुरेन्द्राणां युधिशत्रुविनाशनः ॥ ३२॥
सांख्यप्रसादो दुर्वासाः सर्वसाधुनिषेवितः ।	प्रस्कन्दनो विभागज्ञो अतुल्यो यज्ञभागवित् ॥ ३३॥
सर्ववासः सर्वचारी दुर्वासा वासवोऽमरः ।	हैमो हेमकरो यज्ञः सर्वधारी धरोत्तमः ॥ ३४॥
लोहिताक्षो महाक्षश्च विजयाक्षो विशारदः ।	संग्रहो निग्रहः कर्ता सर्पचीरनिवासनः ॥ ३५॥
मुख्योऽमुख्यश्च देहश्च काहलिः सर्वकामदः ।	सर्वकालप्रसादश्च सुबलो बलरूपधृत् ॥ ३६॥
सर्वकामवरश्चैव सर्वदः सर्वतोमुखः ।	आकाशनिर्विरूपश्च निपाती ह्यवशः खगः ॥ ३७॥
रौद्ररूपोंऽशुरादित्यो बहुरश्मिः सुवर्चसी ।	वसुवेगो महावेगो मनोवेगो निशाचरः ॥ ३८॥
सर्ववासी श्रियावासी उपदेशकरोऽकरः ।	मुनिरात्मनिरालोकः संभग्नश्च सहस्रदः ॥ ३९॥
पक्षी च पक्षरूपश्च अतिदीप्तो विशाम्पतिः ।	उन्मादो मदनः कामो ह्यश्वत्थोऽर्थकरो यशः ॥ ४०॥

वामदेवश्च वामश्च प्राग्दक्षिणश्च वामनः ।	सिद्धयोगी महर्षिश्च सिद्धार्थः सिद्धसाधकः ॥ ४१॥
भिक्षुश्च भिक्षुरूपश्च विपणो मृदुरव्ययः ।	महासेनो विशाखश्च षष्टिभागो गवांपतिः ॥ ४२॥
वज्रहस्तश्च विष्कम्भी चमूस्तम्भन एव च ।	वृत्तावृत्तकरस्तालो मधुर्मधुकलोचनः ॥ ४३॥
वाचस्पत्यो वाजसनो नित्यमाश्रितपूजितः ।	ब्रह्मचारी लोकचारी सर्वचारी विचारवित् ॥ ४४॥
ईशान ईश्वरः कालो निशाचारी पिनाकवान् ।	निमित्तस्थो निमित्तं च नन्दिर्नन्दिकरो हरिः ॥ ४५॥
नन्दीश्वरश्च नन्दी च नन्दनो नन्दिवर्धनः ।	भगहारी निहन्ता च कालो ब्रह्मा पितामहः ॥ ४६॥
चतुर्मुखो महालिंगश्चारुलिंगस्तथैव च ।	लिंगाध्यक्षः सुराध्यक्षो योगाध्यक्षो युगावहः ॥ ४७॥
बीजाध्यक्षो बीजकर्ता अध्यात्माऽनुगतो बलः ।	इतिहासः सकल्पश्च गौतमोऽथ निशाकरः ॥ ४८॥
दम्भो ह्यदम्भो वैदम्भो वश्यो वशकरः कलिः ।	लोककर्ता पशुपतिर्महाकर्ता ह्यनौषधः ॥ ४९॥
अक्षरं परमं ब्रह्म बलवच्चक्र एव च ।	नीतिर्ह्यनीतिः शुद्धात्मा शुद्धो मान्यो गतागतः ॥ ५०॥
बहुप्रसादः सुस्वप्नो दर्पणोऽथ त्वमित्रजित् ।	वेदकारो मन्त्रकारो विद्वान् समरमर्दनः ॥ ५१॥
महामेघनिवासी च महाघोरो वशीकरः ।	अग्निज्वालो महाज्वालो अतिधूम्रो हुतो हविः ॥ ५२॥
वृषणः शंकरो नित्यंवर्चस्वी धूमकेतनः ।	नीलस्तथांगलुब्धश्च शोभनो निरवग्रहः ॥ ५३॥
स्वस्तिदः स्वस्तिभावश्च भागी भागकरो लघुः ।	उत्संगश्च महांगश्च महागर्भपरायणः ॥ ५४॥
कृष्णवर्णः सुवर्णश्च इन्द्रियं सर्वदेहिनाम् ।	महापादो महाहस्तो महाकायो महायशाः ॥ ५५॥

महामूर्धा महामात्रो महानेत्रो निशालयः ।	महान्तको महाकर्णो महोष्ठश्च महाहनुः ॥ ५६॥
महानासो महाकम्बुर्महाग्रीवः श्मशानभाक् ।	महावक्षा महोरस्को ह्यन्तरात्मा मृगालयः ॥ ५७॥
लम्बनो लम्बितोष्ठश्च महामायः पयोनिधिः ।	महादन्तो महादंष्ट्रो महाजिह्वो महामुखः ॥ ५८॥
महानखो महारोमो महाकोशो महाजटः ।	प्रसन्नश्च प्रसादश्च प्रत्ययो गिरिसाधनः ॥ ५९॥
स्नेहनोऽस्नेहनश्चैव अजितश्च महामुनिः ।	वृक्षाकारो वृक्षकेतुरनलो वायुवाहनः ॥ ६०॥
गण्डली मेरुधामा च देवाधिपतिरेव च ।	अथर्वशीर्षः सामास्य ऋक्सहस्रामितेक्षणः ॥ ६१॥
यजुः पादभुजो गुह्यः प्रकाशो जंगमस्तथा ।	अमोघार्थः प्रसादश्च अभिगम्यः सुदर्शनः ॥ ६२॥
3. धैर्यलक्ष्मी जयवरवर्षिणी वैष्णवी भार्गवि, मन्त्रस्वरूपिणि मन्त्रमये, सुरगण पूजित शीघ्र फलप्रद,ज्ञान विकासिनी शास्त्रनुते ।	हे वैष्णवी, तुम विजय का वरदान देती हो, तुमने भार्गव ऋषि की कन्या के रूप में अवतार लिया, तुम मंत्रस्वरुपिणी हो मन्त्रों बसती हो, देवताओं के द्वारा पूजित हे देवी तुम शीघ्र ही पूजा का फल देती हो, तुम ज्ञान में वृद्धि करती हो, शास्त्र तुम्हारा गुणगान करते हैं।

भवभयहारिणी पापविमोचिनी,साधु जनाश्रित पादयुते, जय जय हे मधुसूदन कामिनी,धैर्यलक्ष्मी परिपालय माम् ॥3॥	तुम सांसारिक भय को हरने वाली, पापों से मुक्ति देने वाली हो, साधू जन तुम्हारे चरणों में आश्रय पाते हैं, मधुसूदन की प्रिय हे देवी धैर्य लक्ष्मी! तुम्हारी जय हो, जय हो, तुम मेरा पालन करो
4. गजलक्ष्मी जय जय दुर्गति नाशिनि कामिनि, सर्वफलप्रद शास्त्रमये, रथगज तुरगपदाति समावृत,परिजन मण्डित लोकनुते ।	हे संकटों का नाश करने वाली! आप सभी फल देने वाली और शास्त्रों की ज्ञाता हैं। आप रथ, हाथी, घोड़े, पैदल सैनिकों से सुसज्जित परिजन सहित पूजनीय हैं।
हरिहर ब्रह्म सुपूजित सेवित,ताप निवारिणी पादयुते, जय जय हे मधुसूदन कामिनी, गजरूपेणलक्ष्मी परिपालय माम् ॥4॥	हरि, हर और ब्रह्मा द्वारा पूजित, तापों का निवारण करने वाली हैं। हे मधुसूदन की प्रिय! हे गज लक्ष्मी! अपने रूप से मेरी रक्षा करें।
5. संतानलक्ष्मी अयि खगवाहिनि मोहिनी चक्रिणि, राग विवर्धिनि ज्ञानमये, गुणगणवारिधि लोकहितैषिणि,सप्तस्वर भूषित गाननुते ।	हे पक्षीवाहिनी, मोहिनी और चक्रधारिणी! आप प्रेम को बढ़ाने वाली और ज्ञानस्वरूप हैं। आप गुणों की खान, लोक-हित में रत और संगीत में सप्तस्वर से सजी हुई हैं।
सकल सुरासुर देवमुनीश्वर, मानव वन्दित पादयुते, जय जय हे मधुसूदन कामिनी, सन्तानलक्ष्मी परिपालय माम् ॥	देव, असुर, ऋषि, मुनि और मानव — सभी आपके चरणों की वंदना करते हैं। हे मधुसूदन की प्रिय! हे संतान लक्ष्मी! मेरी रक्षा करें।

6. विजयलक्ष्मी जय कमलासिनि सद्गति दायिनि, ज्ञान विकासिनी ज्ञानमये, अनुदिनमर्चित कुन्कुम धूसर,भूषित वसित वाद्यनुते	हे कमल पर विराजमान, सद्गति देने वाली और ज्ञान का विस्तार करने वाली देवी! आप प्रतिदिन पूजित हैं, कुमकुम से अलंकृत, सुगंधित वाद्यस्वरों से स्तुत्य हैं।
कनकधरास्तुति वैभव वन्दित, शंकरदेशिक मान्यपदे, जय जय हे मधुसूदन कामिनी, विजयलक्ष्मी परिपालय माम् ॥	कनकधारा स्तोत्र से पूजित और शंकराचार्य जैसे महान आचार्यों द्वारा वंदित हैं। हे मधुसूदन की प्रिया! हे विजय लक्ष्मी! मेरी सदा रक्षा करें।
7. विद्यालक्ष्मी प्रणत सुरेश्वर भारति भार्गवि,शोकविनाशिनि रत्नमये, मणिमय भूषित कर्णविभूषण,शान्ति समावृत हास्यमुखे ।	हे देवी भारती! हे भार्गवी! आप दुखों का नाश करने वाली और रत्नों से सजी हुई हैं। आपके कान रत्नजड़ित आभूषणों से सजे हैं और चेहरा शांतिपूर्ण मुस्कान से शोभायमान है।
नवनिधि दायिनि कलिमलहारिणि,कामित फलप्रद हस्तयुते, जय जय हे मधुसूदन कामिनी, विद्यालक्ष्मी सदा पालय माम् ॥	आप नव निधियाँ देने वाली, कलियुग के दोष हरने वाली, मनचाहा फल देने वाली हैं। हे मधुसूदन की प्रिय! हे विद्या लक्ष्मी! सदा मेरी रक्षा करें।
8. धनलक्ष्मी धिमिधिमि धिन्दिमि धिन्दिमि,दिन्धिमि दुन्धुभि नाद सुपूर्णमये, घुमघुम घुंघुम घुंघुंम घुंघुंम,शंख निनाद सुवाद्यनुते ।	दुन्दुभी (ढोल) के धिमि-धिमि स्वर से तुम परिपूर्ण हो, घुम-घुम-घुंघुम की ध्वनि करते हुए शंखनाद से तुम्हारी पूजा होती है,
वेद पुराणेतिहास सुपूजित,वैदिक मार्ग प्रदर्शयुते, जय जय हे मधुसूदन कामिनी,धनलक्ष्मी रूपेणा पालय माम्	वेद, पुराण और इतिहासों में पूजित और वैदिक धर्म का मार्ग दिखाने वाली। हे मधुसूदन की प्रिय! हे धन लक्ष्मी! मेरे जीवन की रक्षा करें।

फ़लशृति अष्टलक्ष्मी नमस्तुभ्यं वरदे कामरूपिणि । विष्णु वक्ष:स्थलारूढ़े भक्त मोक्ष प्रदायिनी॥ शंख चक्रगदाहस्ते विश्वरूपिणिते जय: । जगन्मात्रे च मोहिन्यै मंगलम् शुभ मंगलम्॥ *॥ इति श्रीअष्टलक्ष्मी स्तोत्रं सम्पूर्णम् ॥*	**1- हे कामरूपिणी (इच्छारुपी), वरदा (वर देने वाली) अष्टलक्ष्मी! तुम्हें नमस्कार है, श्रीविष्णु के वक्षस्थल (अर्थात ह्रदय) में विराजित हे देवि! तुम भक्तों के लिए मोक्षदायिनी हो [तुम्हें नमस्कार है]। 2- शंख, चक्र और गदा अपने हाथों में धारण किये हुए, विश्वरूपा (जो विश्व में बसतीं हैं) वे जगतमाता मोहिनी (लक्ष्मी) मंगल करें, कल्याण करें।।**

श्रीहित यमुनाष्टक

ब्रजाधिराज – नन्दनाम्बुदाभ गात्र चंदना- नुलेप गंध वाहिनीं भवाब्धि बीज दाहिनीम् । जगत्त्रये यशस्विनीं लसत्सुधा पयस्विनीं- भजे कलिन्द नन्दिनीं दुरंत मोह भंजनीम् ॥1॥	जो नवीन मेघ के समान कान्ति वाले ब्रजराज-नन्दन श्रीकृष्ण के शरीर में अनुलेपित चन्दन गंध का वहन करती हैं, जो आवागमन रूप भवसागर के बीज को जला देती हैं, जिनका सुयश तीनों लोकों में विख्यात है, जिनका जल अमृत के समान उज्ज्वल है एवं जो दुरंत मोह (जिसका अन्तिम परिणाम बड़ा कष्टमय है) को नष्ट करने वाली हैं, मैं उन कलिन्दनन्दिनी श्रीयमुनाजी का भजन करता हूँ।
रसैकसीम राधिका पदाब्जभक्ति साधिकां तदंग-राग पिंजर प्रभाति पुंज मंजुलाम् । स्वरोचिषाति शोभितां कृतां जनाधिगंजनां- भजे कलिन्द नन्दिनीं दुरंत मोह भंजनीम् ॥2॥	जो रस की एकमात्र सीमा श्रीराधिकाजी के चरण-कमल की भक्ति को प्राप्त कराने वाली हैं और उन्हीं श्रीराधिकाजी के अंग राग का वहन करने के कारण जो अत्यन्त मंजुल प्रकाश से युक्त हैं, जो स्वयं अपनी प्रभा से अत्यन्त शोभित हैं, जो अपने जनों

	के पूर्व-कृत पापों को समूल नष्ट करने में बहुत ही कुशल हैं एवं जो दुरन्त मोह को नष्ट करने वाली हैं, मैं उन कलिन्दनन्दिनी श्रीयमुनाजी का भजन करता हूँ।
ब्रजेन्द्र सूनु राधिका हृदि प्रपूर्यमाणयो- र्महा रसाब्धि पूरयो रिवाति तीव्र वेगतः । बहिः समुच्छलन्नव प्रवाह रूपिणीमहं-भजे कलिन्द नन्दिनीं दुरंत मोह भंजनीम् ॥3॥	श्रीनन्दनन्दन और श्रीराधिका के हृदय में पूर्ण रूप से भरा हुआ महा रस-सागर का उल्लास ही मानों तीव्र वेग से बाहर उछल कर जिनका नित्य नवीन प्रवाह बन गया है एवं जो दुरन्त मोह को नष्ट करने वाली हैं, मैं उन कलिन्दनन्दिनी श्रीयमुनाजी का भजन करता हूँ।
विचित्र रत्न बद्ध सत्तटद्वय श्रियोज्ज्वलां- विचित्र हंस सारसाद्यनन्त पक्षि संकुलाम् । विचित्र मीन मेखलां कृताति दीन पालितां- भजे कलिन्द नन्दिनीं दुरंत मोह भंजनीम् ॥4॥	जिनके दोनों तट उज्ज्वल कान्ति फैलाने वाले रत्नों से आबद्ध हैं तथा विचित्र प्रकार के हंस-सारसादिक पंक्षि-समूह से पूरिपूर्ण हैं, जल में बिहार करती हुई विचित्र-विचित्र मछलियाँ ही मानों जिनकी मेखला (करधनी) की शोभा को प्राप्त हो रही हैं, जो अधम से अधम दीनजनों का पालन करने वाली हैं एवं जो दुरन्त मोह को नष्ट करने वाली हैं, मैं उन कलिन्दनन्दिनी श्रीयमुनाजी का भजन करता हूँ।
वहंतिकां श्रियां हरेर्मुदा कृपा स्वरूपिणीं- विशुद्ध भक्तिमुज्ज्वलां परे रसात्मिकां विदुः सुधा श्रुतित्वलौकिकीं परेश वर्ण रूपिणीं- भजे कलिन्द नन्दिनीं दुरंत मोह भंजनीम् ॥5॥	जो श्रीहरि की श्याम कांति का मोद पूर्वक वहन करती हैं, जो साक्षात् कृपा स्वरूपिणी हैं, जो परम रसमयी उज्ज्वल एवं विशुद्ध भक्ति स्वरूपा हैं, जो अमृत की अलौकिक धारा स्वरूप हैं, जिनका वर्ण परम प्रभु श्रीकृष्ण के श्याम रंग के

	समान है एवं जो दुरन्त मोह को नष्ट करने वाली हैं, मैं उन कलिन्दनन्दिनी श्रीयमुनाजी का भजन करता हूँ।
सुरेन्द्र वृन्द वन्दितां रसादधिष्ठिते वने- सदोपलब्ध माधवाद्भुतैक सद्दशोन्मदाम् । अतीव विह्वलामिव च्चलत्तरंग दोर्लतां- भजे कलिन्द नन्दिनीं दुरंत मोह भंजनीम् ॥6॥	जो सुरेन्द्रों के समूहों द्वारा वन्दित हैं, जो उन श्रीमाधव के समान रसोन्मत्त हैं, जिन्होंने रसभूमि श्रीवृन्दावन में किसी अद्भुत रस की प्राप्ति की है, जिनकी तरंग रूपी भुजायें प्रेम विह्वलता के कारण अत्यंत चंचल बनी हुई हैं एवं जो दुरंत मोह को नष्ट करने वाली हैं, मैं उन कलिन्दनन्दिनी श्रीयमुनाजी का भजन करता हूँ।
प्रफुल्ल पंकजाननां लसन्नवोत्पलेक्षणां- रथांगनाम युग्म कस्तनीमुदार हंसिकाम् । नितंब चारु रोधसां हरेः प्रिया रसोज्ज्वलां- भजे कलिन्द नन्दिनीं दुरंत मोह भंजनीम् ॥7॥	श्रीयमुनाजी में खिले हुए लाल कमल ही मानों उनका मुख है और शोभाशाली नीलकमल ही उनके नेत्र हैं, चकवे की जोड़ी ही उनके स्तन हैं, जिनमें अनेक हंस क्रीड़ा कर रहे हैं, जिनके दोनों तट ही उनके नितम्ब हैं, जो श्रीहरि की प्रिया श्रीराधा के रस से उज्ज्वल बनी हुई हैं एवं जो दुरन्त मोह को नष्ट करने वाली हैं, मैं उन कलिन्दनन्दिनी श्रीयमुनाजी का भजन करता हूँ।
समस्त वेद मस्तकैरगम्य वैभवां सदा- महा मुनीन्द्र नारदादिभिः सदैव भाविताम् । अतुल्य पामरैरपि श्रितां पुमर्थ शारदां- भजे कलिन्द नन्दिनीं दुरंत मोह भंजनीम् ॥8॥	जिनका वैभव समस्त उपनिषदों के लिए अगम्य है, नारदादिक महा मुनीन्द्र जिनका ध्यान करते हैं, आपका आश्रय लेने वाले सर्वश्रेष्ट पामरों को भी जो प्रेम प्रदान करती हैं एवं जो दुरन्त मोह को नष्ट करने वाली हैं, मैं उन कलिन्दनन्दिनी श्रीयमुनाजी का भजन करता हूँ।

य एतदष्टकं बुध स्त्रिकाल मादृतः पठेत्- कलिन्द नन्दिनीं हृदा विचिंत्य विश्व वंदिताम् । इहैव राधिकापतेः पदाब्ज भक्ति मुत्तमा- मवाप्य स ध्रुवं भवेत्परत्र तत्प्रियानुगः ॥9॥	जो विवेकीजन विश्ववन्दित श्रीयमुनाजी का हृदय में ध्यान करते हुए इस अष्टक का तीनों कालों में अर्थात् प्रातः, मध्याह्न तथा सायंकाल आदरपूर्वक पाठ करेंगे, वे राधिकापति श्रीकृष्ण की प्रेमलक्षणा भक्ति को इसी लोक में प्राप्त करेंगे और शरीर त्याग के पश्चात् निश्चय ही सहचरि भाव से श्रीराधिका के अनुगत हो जायेंगे।

लक्ष्मी नृसिंह करावलम्ब स्तोत्रम्

ॐ श्री गणेशाय नमः।

ॐ नमो नारायणाय।

ॐ श्री लक्ष्मी-नृसिंहाय नमः।

श्रीमत्पयोनिधिनिकेतन चक्रपाणे भोगीन्द्रभोगमणिराजित पुण्यमूर्ते ।योगीश शाश्वत शरण्य भवाब्धिपोत लक्ष्मीनृसिंह मम देहि करावलम्बम् ॥ 1॥	**हे क्षीरसागर में निवास करने वाले, चक्रधारी, योगियों के स्वामी और भवसागर से पार उतारने वाले प्रभु! मैं आपकी शरण में आया हूँ। कृपया मुझे अपने हाथ का सहारा प्रदान करें।**
ब्रह्मेन्द्ररुद्रमरुदर्ककिरीटकोटि सङ्घट्टिताङ्घ्रिकमलामल कान्तिकान्त ।लक्ष्मीलसत्कुचसरोरुहराजहंस लक्ष्मीनृसिंह मम देहि करावलम्बम् ॥ 2 ॥	**हे प्रभु! जिनके चरणों की आभा के समक्ष ब्रह्मा, इन्द्र और रुद्र जैसे देवताओं के मुकुट भी फीके पड़ जाते हैं, और जो माँ लक्ष्मी के हृदय-हंस हैं, मुझे अपने कर-कमलों का सहारा दें।**

संसारदावदहनाकरभीकरोरु-ज्वालावलीभिरतिदग्धत नूरुहस्य । त्वत्पादपद्मसरसीरुहमागतस्य लक्ष्मीनृसिंह मम देहि करावलम्बम् ॥ 3 ॥	**मैं संसाररूपी भयंकर अग्नि में जल रहा हूँ। आपकी चरण-शरण ही इस ताप से मुक्ति का शीतल सरोवर है। मुझे अपने कर-कमलों का सहारा दें।**
संसारजालपतिततस्य जगन्निवास सर्वेन्द्रियार्थ बडिशाग्र झषोपमस्य ।प्रोत्कम्पित प्रचुरतालुक मस्तकस्य लक्ष्मीनृसिंह मम देहि करावलम्बम् ॥ 4 ॥	**मैं इन्द्रियों और विषय-वासनाओं के जाल में फँसी हुई मछली के समान तड़प रहा हूँ। हे जगन्निवास! मुझे इस बंधन से मुक्त करें।**
संसारकूमपतिघोरमगाधमूलं सम्प्राप्य दुःखशतसर्पसमा कुलस्य । दीनस्य देव कृपया पदमागतस्य लक्ष्मीनृसिंह मम देहि करावलम्बम् ॥ 5 ॥	**मैं दुःखरूपी सर्पों से भरे संसार के गहरे अंधकारमय कुएँ में गिर पड़ा हूँ। आपकी कृपा ही मेरा उद्धार कर सकती है।**
संसारभीकरकरीन्द्रकराभिघात निष्पीड्यमानवपुषः सकलार्तिनाश ।प्राणप्रयाणभवभीतिसमाकुलस्य लक्ष्मीनृसिंह मम देहि करावलम्बम् ॥ 6 ॥	**संसाररूपी उग्र हाथी मुझे कुचल रहा है और मृत्यु का भय मुझे व्याकुल कर रहा है। हे दयालु प्रभु! मेरी रक्षा कीजिए।**
संसारसर्पविषदिग्धमहोग्रतीव्र दंष्ट्राग्रकोटिपरिदष्ट विनष्टमूर्तेः । नागारिवाहन सुधाब्धिनिवास शौरे लक्ष्मीनृसिंह मम देहि करावलम्बम् ॥ 7 ॥	**संसाररूपी विषधर सर्प के दंश से मैं पीड़ित हूँ। हे गरुड़वाहन! आप अमृतस्वरूप हैं; मुझे इस विष से बचाइए।**

संसारवृक्षबीजमनन्तकर्म-शाखायुतं करणपत्रम नङ्गपुष्पम् । आरुह्य दुःखफलितः चकितः दयालो लक्ष्मीनृसिंह मम देहि करावलम्बम् ॥ 8	**यह संसार एक विशाल वृक्ष है, जिसका बीज पाप, शाखाएँ कर्म और फल दुःख हैं। मैं इस वृक्ष पर चढ़कर गिर रहा हूँ। कृपया मुझे संभाल लीजिए।**
संसारसागरविशालकरालकाल नक्रग्रहग्रसितनिग्रह विग्रहस्य । व्यग्रस्य रागनिचयोर्मिनिपीडितस्य लक्ष्मीनृसिंह मम देहि करावलम्बम् ॥ 9 ॥	**मैं कालरूपी मगरमच्छों और रागरूपी तरंगों से घिरे संसार-सागर में डूब रहा हूँ। हे प्रभु! मुझे बचा लीजिए।**
संसारसागरनिमज्जनमुह्यमानं दीनं विलोकय विभो करुणानिधे माम् ।प्रह्लादखेदपरिहारपरावतार लक्ष्मीनृसिंह मम देहि करावलम्बम् ॥ 10 ॥	**हे करुणासागर! जैसे आपने प्रह्लाद की रक्षा की, वैसे ही इस दीन जीव पर भी कृपा दृष्टि डालिए।**
संसारघोरगहने चरतो मुरारे मारोग्रभीकरमृग प्रचुरार्दितस्य ।आर्तस्य मत्सरनिदाघसुदुःखितस्य लक्ष्मीनृसिंह मम देहि करावलम्बम् ॥ 11 ॥	**मैं संसाररूपी घने वन में भटक रहा हूँ, जहाँ काम, क्रोध, लोभ और ईर्ष्या रूपी हिंसक पशु मुझे सताते हैं। मेरी रक्षा करें।**
बद्ध्वा गले यमभटा बहु तर्जयन्त कर्षन्ति यत्र भवपाश शतैर्युतं माम् ।एकाकिनं परवशं चकितं दयालो लक्ष्मीनृसिंह मम देहि करावलम्बम् ॥ 12 ॥	**जब यमदूत मुझे बाँधकर ले जाने आएँगे और मैं असहाय हो जाऊँगा, तब हे प्रभु! मुझे अपने कर-कमलों का सहारा दीजिए।**

लक्ष्मीपते कमलनाभ सुरेश विष्णो यज्ञेश यज्ञ मधुसूदन विश्वरूप । ब्रह्मण्य केशव जनार्दन वासुदेव लक्ष्मीनृसिंह मम देहि करावलम्बम् ॥ 13 ॥	**हे लक्ष्मीपति, विष्णु, केशव, जनार्दन, वासुदेव और मधुसूदन! आप ही मेरे एकमात्र रक्षक हैं। मुझे अपनी शरण दीजिए।**
एकेन चक्रमपरेण करेण शङ्ख-मन्येन सिन्धुतनयाम अवलम्ब्य तिष्ठन् । वामेतरेण वरदाभयपद्मचिह्नं लक्ष्मीनृसिंह मम देहि करावलम्बम् ॥ 14 ॥	**एक हाथ में चक्र, दूसरे में शंख, गोद में लक्ष्मीजी और वरद-अभय मुद्रा धारण किए हुए प्रभु! मुझे अपने हाथ का सहारा प्रदान करें।**
अन्धस्य मे हृतविवेकमहाधनस्य चौरैर्महाबलिभिरिन्द्रिय नामधेयैः । मोहान्धकारकुहरे विनिपातितस्य लक्ष्मीनृसिंह मम देहि करावलम्बम् ॥ 15 ॥	**इन्द्रियरूपी चोरों ने मेरा विवेक चुरा लिया है और मैं मोह के अंधकार में गिर पड़ा हूँ। मुझे ज्ञान का प्रकाश प्रदान करें।**
प्रह्लादनारदपराशरपुण्डरीक-व्यासादिभागवतपुङ्गवहृ न्निवास ।भक्तानुरक्तपरिपालनपारिजात लक्ष्मीनृसिंह मम देहि करावलम्बम् ॥ 16 ॥	**आप प्रह्लाद, नारद, पराशर, व्यास और अन्य महान भक्तों के हृदय में निवास करते हैं। भक्तों की रक्षा करना ही आपका स्वभाव है। मुझे भी अपनी कृपा का पात्र बनाइए।**
फलश्रुति लक्ष्मीनृसिंहचरणाब्जमधुव्रतेन स्तोत्रं कृतं शुभकरं भुवि शङ्करेण ।	**फलश्रुति : "जब संसार के सभी सहारे छूट जाएँ, तब भगवान लक्ष्मी-नृसिंह का कर-कमल ही जीव का अंतिम और सच्चा सहारा है।"जो भक्त श्रद्धा और भक्ति से इस स्तोत्र का पाठ**

ये तत्पठन्ति मनुजा हरिभक्तियुक्ता-स्ते यान्ति तत्पदसरोजमखण्डरूपम् ॥17॥ **॥ लक्ष्मीनृसिंह मम देहि करावलम्बम् ॥**	**करता है, वह भगवान के चरणकमलों की प्राप्ति करता है और परम कल्याण को प्राप्त होता है।**
॥श्री राधिकाधिपाष्टकम्॥	
चतुर्मुखादि-संस्तुतं समस्त-सात्वतानुतम् हलायुधादि-संयुतं नमामि राधिका-धिपम् ॥	चार मुख वाले ब्रह्मा और अन्य देवताओं द्वारा पूज्य, सद्गुणों के लोकों द्वारा पूज्य, जो हलधारी बलराम और अन्यों के साथ है, मैं श्री राधिका के भगवान को नमन करता हूँ।
बकादि-दैत्य-कालकं सगोप-गोपिपालकम् मनोहरा-सितालकं नमामि राधिका-धिपम् ॥	जिसने बकासुर जैसे कई राक्षसों का वध किया, गौपालक लड़कों और लड़कियों का रक्षक, जिसकी मोहक काली जटाएँ हैं, मैं श्री राधिका के प्रभु को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ
सुरेन्द्र-गर्वभञ्जनं विरञ्चि-मोह-भञ्जनम् व्रजाङ्गना-नुरञ्जनं नमामि राधिका-धिपम् ॥	जिसने देवताओं के राजा (इंद्र) के मिथ्या अहंकार को नष्ट किया, जिसने भगवान ब्रह्मा का मायाजाल तोड़ा, जो व्रज की कन्याओं को प्रसन्न करता है, मैं श्री राधिका के प्रभु को अपनी नमन अर्पित करता हूँ

मयूरपिच्छ-मण्डनं गजेन्द्र-दन्त-खण्डनम् नृशंस-कंस-दण्डनं नमामि राधिका-धिपम् ॥	जो मोर पंख धारण करते हैं, जिसने कुवलयपीड़ हाथी के दांत तोड़े राजा कंस को दंड देकर जनता के कष्टों को दूर किया, मैं श्री राधिका के प्रभु को प्रणाम करता हूँ।
प्रदत्त-विप्र-दारकं सुदाम-धाम-कारकम् सुरद्रु-माप-हारकं नमामि राधिका-धिपम् ॥	जिसने ब्राह्मण संदीपनी मुनि का बच्चा लौटाया, जिसने सुदामा की गरीबी दूर की, जिसने देवताओं का वृक्ष चुराया, मैं श्री राधिका के भगवान को नमन करता हूँ।
धनञ्जय-जया-वहं महा-चमूक्ष-यावहम् पिता-मह-व्यथा-पहं नमामि राधिका-धिपम् ॥	जिसने धनञ्जय अर्जुन को विजयी बनाया, जिसने महान सेना को हार दी, जिसने सीद्रष्ठ पितामह भीष्म की दयनीय स्थिति को दूर किया, मैं श्री राधिका के स्वामी को प्रणाम करता हूँ।
मुनीन्द्र-शाप-कारणं यदु-प्रजा-पहारणम् धरा-भरा-वतारणं नमामि राधिका-धिपम् ॥	जिसने दुर्वासा मुनि की श्राप के कारण पूरे व्रज वंश को नष्ट कर पृथ्वी से बोझ हटा दिया, मैं श्री राधिका के प्रभु को नमन करता हूँ
सुवृक्ष-मूल-शायिनं मृगारि-मोक्ष-दायिनम् स्वकीय-धाम-मायिनं नमामि राधिका-धिपम् ॥	जिसने वट वृक्ष पर विश्राम, करते, उस जरा शिकारी को भी मोक्ष प्रदान किया जिसने उनके पैर को तीर से बींधा । जिन्होंने स्वधाम में वापसी की, मैं श्री राधिका के प्रभु को को नमन करता हूँ।

इदं समा-हितो हितं वराष्टकं सदा मुदा जपञ्जनो जनुर्ज-रादितो द्रुतं प्रमुच्यते ॥	इस प्रकार, श्री राधिका के भगवान की स्तुति करने वाले आठ प्रार्थनाएं (वराष्टकम्) सभी के लिए समान रूप से लाभकारी हैं, और सभी को खुशी देंगी। जो कोई इसे पढ़ेगा, वह जल्दी ही भौतिक जगत से मुक्ति पाएगा।

इति श्रीनिम्बार्काचार्यविरचितं श्रीराधावराष्टकं सम्पूर्णम् ।

श्री कृष्णमधुराष्टकम

अधरं मधुरं वदनं मधुरं नयनं मधुरं हसितं मधुरम् । हृदयं मधुरं गमनं मधुरं मधुराधिपतेरखिलं मधुरम् ||1||

वचनं मधुरं चरितं मधुरं वसनं मधुरं वलितं मधुरम् । चलितं मधुरं भ्रमितं मधुरं मधुराधिपतेरखिलं मधुरम् ||2||

वेणुर्मधुरो रेणुर्मधुरः पाणिर्मधुरः पादौ मधुरौ । नृत्यं मधुरं सख्यं मधुरं मधुराधिपतेरखिलं मधुरम् ||3||

गीतं मधुरं पीतं मधुरं भुक्तं मधुरं सुप्तं मधुरम् । रूपं मधुरं तिलकं मधुरं मधुराधिपतेरखिलं मधुरम् ||4||

करणं मधुरं तरणं मधुरं हरणं मधुरं स्मरणं मधुरम् । वमितं मधुरं शमितं मधुरं मधुराधिपतेरखिलं मधुरम् ||5||

गुञ्जा मधुरा माला मधुरा यमुना मधुरा वीची मधुरा । सलिलं मधुरं कमलं मधुरं मधुराधिपतेरखिलं मधुरम् ||6||

गोपि मधुरा लीला मधुरा युक्तं मधुरं भुक्तं मधुरम् । दृष्टं मधुरं शिष्टं मधुरं मधुराधिपतेरखिलं मधुरम् ||7||

गोपा मधुरा गावो मधुरा यष्टिर्मधुरा सृष्टिर्मधुरा । दलितं मधुरं फलितं मधुरं मधुराधिपतेरखिलं मधुरम् ||8||

गोविन्द दामोदर स्तोत्र

<u>Kararvinde n padarvinde by P.P.Sant Shri Krishna chandra shastri ji thakur ji Bhajan dhara</u>

करार विन्दे न पदार विन्दम् ,मुखार विन्दे विनिवेश यन्तम् । वटस्य पत्रस्य पुटे शयानम् ,बालम् मुकुंदम् मनसा स्मरामि ॥१॥	वट वृक्ष के पत्तों पर विश्राम करते हुए, कमल के समान कोमल पैरों को, कमल के समान हाथों से पकड़कर, अपने कमलरूपी मुख में धारण किया है, मैं उस बाल स्वरुप भगवान श्री कृष्ण को मन में धारण करता हूं॥१॥
श्री कृष्ण गोविन्द हरे मुरारे, हे नाथ नारायण वासुदेव । जिह्वे पिबस्वा-मृत मेतदेव,गोविन्द दामोदर माधवेति ॥२॥	हे नाथ, मेरी जिह्वा सदैव केवल आपके विभिन्न नामों (कृष्ण, गोविन्द, दामोदर, माधव....) का अमृतमय रसपान करती रहे ॥२॥
विक्रेतु कामा किल गोप कन्या, मुरारि पदार्पित – चित्त – वृति । दध्यादिकम् मोह वशाद वोचद्, गोविन्द दामोदर माधवेति ॥३॥	गोपिकाएं दूध, दही, माखन बेचने की इच्छा से घर से चली तो है, किन्तु उनका चित्त बालमुकुन्द (मुरारी) के चरणारविन्द में इस प्रकार समर्पित हो गया है कि, प्रेम वश अपनी सुध – बुध भूलकर "दही लो दही" के स्थान पर जोर – जोर से गोविन्द, दामोदर, माधव आदि पुकारने लगी है ॥३॥

गृहे गृहे गोप वधु कदम्बा,सर्वे मिलित्व समवाप्य योगम् । पुण्यानी नामानि पठन्ति नित्यम्, गोविन्द दामोदर माधवेति	घर – घर में गोपिकाएँ विभिन्न अवसरों पर एकत्र होकर, एक साथ मिलकर, सदैव इसी उत्तमोतम, पुण्यमय, श्री कृष्ण के नाम का स्मरण करती है, गोविन्द, दामोदर, माधव ॥४॥
सुखम् शयाना निलये निजेपि, नामानि विष्णो प्रवदन्ति मर्त्याः। ते निश्चितम् तनमय – ताम व्रजन्ति,गोविन्द दामोदर माधवेति	साधारण मनुष्य अपने घर पर आराम करते हुए भी, भगवान श्री कृष्ण के इन नामों, गोविन्द, दामोदर, माधव का स्मरण करता है, वह निश्चित रूप से ही, भगवान के स्वरुप को प्राप्त होता है ॥५॥
जिह्वे सदैवम् भज सुंदरानी, नामानि कृष्णस्य मनोहरानी । समस्त भक्तार्ति विनाशनानि, गोविन्द दामोदर माधवेति ॥६॥	हे जिह्वा, तू भगवान श्री कृष्ण के सुन्दर और मनोहर इन्हीं नामो, गोविन्द, दामोदर, माधव का स्मरण कर, जो भक्तों की समस्त बाधाओं का नाश करने वाले हैं ॥६॥
सुखावसाने इदमेव सारम्, दुःखावसाने इद्मेव गेयम् । देहावसाने इदमेव जाप्यं, गोविन्द दामोदर माधवेति ॥७॥	सुख के अन्त में यही सार है, दुःख के अन्त में यही गाने योग्य है, और शरीर का अन्त होने के समय यही जपने योग्य है, हे गोविन्द ! हे दामोदर ! हे माधव ॥७॥
जिह्वे रसज्ञे मधुर – प्रियात्वं,सत्यम हितम् त्वां परं वदामि । आवर्णयेता मधुराक्ष-राणि,गोविन्द दामोदर माधवेति ॥८॥	हे जिह्वा ! तू इन्हीं अमृतमय नामों का रसपान कर, श्री कृष्ण, अतिप्रिय राधारानी, गोकुल के स्वामी गोपाल, गोवर्धननाथ, श्री विष्णु, गोविन्द, दामोदर, और माधव ॥८॥

त्वामेव याचे मम देहि जिह्वे, समागते दण्ड – धरे कृतान्ते । वक्तव्य मेवं मधुरं सुभक्त्या , गोविन्द दामोदर माधवेति ॥९॥	हे जिह्वा, तुझे विभिन्न प्रकार के मिष्ठान प्रिय है, जोकि स्वाद में भिन्न – भिन्न हैं। मैं तुझे एक परम् सत्य कहता हूँ, जो कि तेरे परम हित में है। केवल प्रभु के इन्हीं मधुर (मीठे), अमृतमय नामों का रसास्वादन कर, गोविन्द, दामोदर, माधव॥९॥
श्री कृष्ण राधावर गोकुलेश, गोपाल गोवर्धन – नाथ विष्णो । जिह्वे पिबस्वा-मृत मेतदेव, गोविन्द दामोदर माधवेति ॥१०॥	हे जिह्वा, मेरी तुझसे यही प्रार्थना है, जब मेरा अंत समय आए, उस समय सम्पूर्ण समर्पण से इन्हीं मधुर नामों को लेना गोविन्द, दामोदर, माधव॥१०॥
श्री नाथ विश्वेश्वर विश्व मूर्ते, श्री देवकी – नन्दन दैत्य – शत्रो । जिह्वे पिबस्वामृत मेतदेव,गोविन्द दामोदर माधवेति ॥११॥	हे प्रभु, सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड के स्वामी, विश्व के स्वरुप, देवकी नन्दन, दैत्यों के शत्रु, मेरी जिह्वा सदैव आपके अमृतमय नामों गोविन्द, दामोदर, माधव का रसपान करती है॥११॥

भ्रमर गीत – सूरदास

जब श्रीकृष्ण ने मथुरा से निर्गुण ब्रह्म संबंधी ज्ञान उद्धव को देकर ब्रज क्षेत्र में भेजा था ताकि विरह-वियोग की आग में झुलसती गोपियों को वह संदेश देकर समझा सके कि वे श्रीकृष्ण के प्रति अपने प्रेम-भाव को भुला कर योग-साधना में लीन होना ही उनके लिए उचित था। तब गोपियों को उद्धव की बातें कड़वी लगी थीं, वे उद्धव को बुरा-भला कहना चाहती थीं पर श्रीकृष्ण के द्वारा भेजे गए उद्धव को अपनी मर्यादा वश ऐसा कह नहीं पाती, संयोगवश एक भँवरा उड़ता हुआ वहाँ से गुजरा, गोपियों ने झट से भँवरे को संकेत कर अपने हृदय में व्याप्त सारे गुस्से को उद्धव को सुनाना आरंभ कर दिया। उद्धव का रंग भी भँवरे के समान काला था।

इस प्रकार भ्रमरगीत का अर्थ है- उद्धव को लक्ष्य करके लिखा गया 'गान', कहीं-कहीं गोपियों ने श्रीकृष्ण को भी 'भ्रमर' कहा है।

'भ्रमरगीत' शब्द 'भ्रमर' और 'गीत' दो शब्दों के मेल से बना है। 'भ्रमर' छः पैरवाला एक कीट है जिस का रंग काला होता है,इसे भँवरा भी कहते हैं, 'गीत' गाने का पर्याय है इसलिए 'भ्रमर गीत' का शाब्दिक अर्थ है- भँवरे का गान, भ्रमर संबंधी गान या भ्रमर को लक्ष्य करके लिखा गया गान -

गोप्युवाच **मधुप कितवबन्धो मा स्पृशङ्घ्रिं सपत्न्याः** **कुचविलुलितमालाकुङ्कुमश्मश्रुभिर्नः** **वहतु मधुपतिस्तन्मानिनीनां प्रसादं** **यदुसदसि विडम्ब्यं यस्य दूतस्त्वमीदृक् ॥ १२ ॥**	रे मधुप! तू कपटी का सखा है; इसलिये तू भी कपटी है। तू हमारे पैरों को मत छू। झूठे प्रणाम करके हमसे अनुनय-विनय मत कर। हम देख रही हैं कि श्रीकृष्ण की जो वनमाला हमारी सौतों के वक्षःस्थल के स्पर्श से मसली हुई है, उसका पीला-पीला कुंकुम तेरी मूछों पर भी लगा हुआ है। तू स्वयं भी तो किसी कुसुम से प्रेम नहीं करता, यहाँ—से-वहाँ उड़ा करता है। जैसे तेरे स्वामी, वैसा ही तू! मधुपति श्रीकृष्ण मथुरा की मानिनी नायिकाओं को मनाया करें, उनका वह कुंकुमरूप कृपा-प्रसाद, जो यदुवंशियों की सभा में उपहास करने योग्य है, अपने ही पास रखे। उसे तेरे द्वारा यहाँ भेजने की क्या आवश्यकता है ?
सकृदधरसुधां स्वां मोहिनीं पाययित्वा **सुमनस इव सद्यस्तत्यजेऽस्मान्भवादृक्** **परिचरति कथं तत्पादपद्मं नु पद्मा ह्यपि** **बत हृतचेता ह्युत्तमःश्लोकजल्पैः ॥ १३ ॥**	जैसा तू काला है, वैसे ही वे भी हैं, तू भी पुष्पों का रस लेकर उड़ जाता है, वैसे ही वे भी निकले, उन्होंने हमें केवल एक बार—हाँ, ऐसा ही लगता है—केवल एक बार अपनी तनिक- सी मोहिनी और परम मादक अधरसुधा पिलायी थी और फिर हम भोली-भाली गोपियों को छोड़कर वे यहाँ से चले गये। पता नहीं सुकुमारी लक्ष्मी उनके चरण कमलों की सेवा कैसे करती रहती हैं, अवश्य ही वे छैल-छबीले श्रीकृष्ण की चिकनी-चुपड़ी बातों में आ गयी होंगी, चितचोर ने उनका भी चित्त चुरा लिया होगा ।
किमिह बहु षडङ्घ्रे गायसि त्वं यदूनाम् **अधिपतिमगृहाणामग्रतो नः पुराणम्** **विजयसखसखीनां गीयतां तत्प्रसङ्गः** **क्षपितकुचरुजस्ते कल्पयन्तीष्टमिष्टाः ॥ १४ ॥**	अरे भ्रमर! हम वनवासिनी हैं, हमारे तो घर-द्वार भी नहीं है। तू हम लोगों के सामने यदुवंश शिरोमणि श्रीकृष्ण का बहुत-सा गुणगान क्यों कर रहा है ? यह सब भला हम लोगों को मनाने के लिये ही तो ? परन्तु नहीं-नहीं, वे हमारे लिये कोई नये नहीं हैं। हमारे लिये जाने-पहिचाने, बिलकुल पुराने हैं। तेरी चापलूसी हमारे पास नहीं चलेगी। तू जा, यहाँ से चला जा और जिनके साथ सदा विजय रहती है, उन श्रीकृष्ण की मधुपुर वासिनी सखियों के सामने जाकर उनका गुणगान कर, वे नयी हैं, उनकी लीलाएँ कम जानती हैं और इस समय वे उनकी प्यारी हैं; उनके हृदय की पीड़ा उन्होंने मिटा दी है। वे तेरी प्रार्थना स्वीकार करेंगी, तेरी चापलूसी से प्रसन्न होकर तुझे मुँहमाँगा वस्तु देंगी।

दिवि भुवि च रसायां काः स्त्रियस्तद्दुरापाः कपटरुचिरहासभ्रूविजृम्भस्य याः स्युः चरणरज उपास्ते यस्य भूतिर्वयं का अपि च कृपणपक्षे ह्युत्तमश्लोकशब्दः ॥ १५ ॥	भौंरे! वे हमारे लिये छटपटा रहे हैं, ऐसा तू क्यों कहता है ? उनकी कपटभरी मनोहर मुसकान और भौंहों के इशारे से जो वश में न हो जायँ, उनके पास दौड़ी न आवें—ऐसी कौन-सी स्त्रियाँ हैं ? अरे अनजान! स्वर्ग में, पातल में और पृथ्वी में ऐसी एक भी स्त्री नहीं है। औरों की तो बात ही क्या, स्वयं लक्ष्मीजी भी उनके चरणरज की सेवा किया करती हैं, फिर हम श्रीकृष्ण के लिये किस गिनती में हैं ? परन्तु तू उनके पास जाकर कहना कि 'तुम्हारा नाम तो 'उत्तमश्लोक' है, अच्छे-अच्छे लोग तुम्हारी कीर्ति का गान करते हैं; परन्तु इसकी सार्थकता तो इसी में है कि तुम दीनों पर दया करो। नहीं तो कृष्ण! तुम्हारा 'उत्तमश्लोक' नाम झूठा पड़ जाता है।
विसृज शिरसि पादं वेद्म्यहं चाटुकारैर् अनुनयविदुषस्तेऽभ्येत्य दौत्यैर्मुकुन्दात् स्वकृत इह विसृष्टापत्यपत्यन्यलोका व्यसृजदकृतचेताः किं नु सन्धेयमस्मिन् ॥ १६ ॥	अरे मधुकर! देख, तू मेरे पैर पर सिर मत टेक, मैं जानती हूँ कि तू अनुनय-विनय करने में, क्षमा-याचना करने में बड़ा निपुण है। मालूम होता है तू श्रीकृष्ण से ही यही सीखकर आया है कि रूठे हुए को मनाने के लिये दूत को—सन्देश—वाहक को कितनी चाटुकारिता करनी चाहिये। परन्तु तू समझ ले कि यहाँ तेरी दाल नहीं गलने की। देख, हमने श्रीकृष्ण के लिये ही अपने पति, पुत्र और दूसरे लोगों को छोड़ दिया। परन्तु उनमें तनिक भी कृतज्ञता नहीं। वे ऐसे निर्मोही निकले कि हमें छोड़कर चलते बने! अब तू ही बता, ऐसे अकृतज्ञ के साथ हम क्या सन्धि करें ? क्या तू अब भी कहता है कि उन पर विश्वास करना चाहिये ?
मृगयुरिव कपीन्द्रं विव्यधे लुब्धधर्मा स्त्रियमकृत विरूपां स्त्रीजितः कामयानाम् बलिमपि बलिमत्त्वावेष्टयद्ध्वाङ्क्षवद्यस् तदलमसितसख्यैर्दुस्त्यजस्तत्कथार्थः ॥ १७ ॥	ऐ रे मधुप! जब वे राम बने थे, तब उन्होंने कपिराज बालि को व्याध के समान छिपकर बड़ी निर्दयता से मारा था। बेचारी सूपर्णखा कामवश उनके पास आयी थी, परन्तु उन्होंने अपनी स्त्री के वश होकर उस बेचारी के नाक- कान काट लिये और इस प्रकार उसे कुरूप कर दिया। ब्राम्हण के घर वामन के रूप में जन्म लेकर उन्होंने क्या किया, बलि ने तो उनकी पूजा की, उनकी मुँहमाँगी वस्तु दी और उन्होंने उसकी पूजा ग्रहण करके भी उसे वरुण पाश में बाँधकर पातल में डाल दिया। ठीक वैसे ही, जैसे कौआ बलि खाकर भी बलि देने वाले को अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर घेर लेता है और परेशान करता है। अच्छा, तो अब जाने दे; हमें श्रीकृष्ण से क्या, किसी भी काली वस्तु के साथ मित्रता से कोई प्रयोजन नहीं है। परन्तु यदि तू यह कहे कि 'जब ऐसा है तब तुम लोग उनकी चर्चा क्यों करती हो ?' तो भ्रमर! हम सच कहती हैं, एक बार जिसे उसका चस्का लग जाता है, वह उसे छोड़ नहीं सकता, ऐसी दशा में हम चाहने पर भी उनकी चर्चा छोड़ नहीं सकतीं ।

यदनुचरितलीलाकर्णपीयूषविप्रुट् सकृददनविधूतद्वन्द्वधर्मा विनष्टाः सपदि गृहकुटुम्बं दीनमुत्सृज्य दीना बहव इह विहङ्गा भिक्षुचर्यां चरन्ति ॥ १८ ॥	श्रीकृष्ण की लीलारूप कर्णामृत के एक कण का भी जो रसास्वादन कर लेता है, उसके राग-द्वेष, सुख-दुःख आदि द्वन्द छूट जाते हैं। यहाँ तक कि बहुत-से लोग तो अपनी दुःखमय—दुःख से सनी हुई घर-गृहस्थी छोड़कर अकिंचन हो जाते हैं, अपने पास कुछ भी संग्रह-परिग्रह नहीं रखते और पक्षियों की तरह चुन-चुनकर —भीख माँगकर अपना पेट भरते हैं, दीन-दुनिया से जाते रहते हैं। फिर भी श्रीकृष्ण की लीला कथा छोड़ नहीं पाते। वास्तव में उसका रस, उसका चस्का ऐसा ही है। यदि दशा हमारी हो रही है।
वयमृतमिव जिह्मव्याहृतं श्रद्दधानाः कुलिकरुतमिवाज्ञाः कृष्णवध्वो हरिण्यः ददृशुरसकृदेतत्तन्नखस्पर्शतीव्र स्मररुज उपमन्त्रिन्भण्यतामन्यवार्ता ॥ १९ ॥	जैसे कृष्णसार मृग की पत्नी भोली-भाली हरिनियाँ व्याध के सुमधुर गान का विश्वास कर लेती हैं और उसके जाल में फँसकर मारी जाती हैं, वैसे ही हम भोली-भाली गोपियाँ भी उस छलिया कृष्ण की कपटभरी मीठी-मीठी बातों में आकर उन्हें सत्य के समान मान बैठीं और उनके नखस्पर्श से होने वाली कामव्याधि का बार-बार अनुभव करती रहीं, इसलिये श्रीकृष्ण के दूत भौंरें! अब इस विषय में तू और कुछ मत कह, तुझे कहना ही हो तो कोई दूसरी बात कह।
प्रियसख पुनरागाः प्रेयसा प्रेषितः किं वरय किमनुरुन्धे माननीयोऽसि मेऽङ्ग नयसिकथमिहास्मान्दुस्त्यजद्वन्द्वपार्श्वं सततमुरसि सौम्य श्रीर्वधूः साकमास्ते ॥ २० ॥	हमारे प्रियतम के प्यारे सखा! जान पड़ता है तुम एक बार उधर जाकर फिर लौट आये हो, अवश्य ही हमारे प्रियतम ने मनाने के लिये तुम्हें भेजा होगा, प्रिय भ्रमर! तुम सब प्रकार से हमारे माननीय हो। कहो, तुम्हारी क्या इच्छा है ? हमसे जो चाहो सो माँग लो, अच्छा, तुम सच बताओ, क्या हमें वहाँ ले चलना चाहते हो ? अजी, उनके पास जाकर लौटना बड़ा कठिन है। हम तो उनके पास जा चुकी हैं। परन्तु तुम हमें वहाँ ले जाकर करोगे क्या ? प्यारे भ्रमर! उनके साथ—उनके वक्षःस्थल पर तो उनकी प्यारी पत्नी लक्ष्मीजी सदा रहती हैं न ? तब वहाँ हमारा निर्वाह कैसे होगा।

अपि बत मधुपुर्यामार्यपुत्रोऽधुनास्ते **स्मरति स पितृगेहान्सौम्य बन्धूंश्च गोपान्** **क्वचिदपि स कथा नः किङ्करीणां** **गृणीते भुजमगुरुसुगन्धं मूर्ध्न्यधास्यत्कदा नु ॥ २१**	अच्छा, हमारे प्रियतम के प्यारे दूत मधुकर! हमें यह बतलाओ कि आर्यपुत्र भगवान श्रीकृष्ण गुरुकुल से लौटकर मधुपुरी में अब सुख से तो हैं न ? क्या वे कभी नन्दबाबा, यशोदारानी, यहाँ के घर, सगे-सम्बन्धी और ग्वालबालों की भी याद करते हैं ? और क्या हम दासियों की भी कोई बात कभी चलाते हैं ? प्यारे भ्रमर! हमें यह भी बतलाओ कि कभी वे अपनी अगर के समय दिव्य सुगन्ध से युक्त भुजा हमारे सिरों पर रखेंगे ? क्या हमारे जीवन में कभी ऐसा शुभ अवसर भी आयेगा ? ये भ्रमरगीत श्रीमद्भागवत महापुराण के अन्तर्गत गोपीयों द्वारा गाया गया है, जब उद्धव जी महाराज भगवान श्री कृष्ण का सन्देश लेकर ब्रज आये हैं तब गोपियों ने एक भ्रमर(भौंरा) के बहाने इन १० श्लोकों में कृष्ण को उलाहना दिया है।

गोपी गीत

गोपी गीत में गोपियाँ श्रीकृष्ण के विरह में अपने प्रेम और भक्ति की भावनाएँ व्यक्त करती हैं। 'श्रीमद् भगवत महापुराण जो कि योगेश्वर श्रीकृष्ण का साक्षात् वाङ्मय स्वरुप है, के दशम स्कन्ध को भगवत का हृदय माना जाता है और उसके इन श्लोकों को श्रीमद् भगवत का प्राण माना जाता है॥

जयति तेऽधिकं जन्मना व्रजः श्रयत इन्दिरा शश्वदत्र हि । दयित दृश्यतां दिक्षु तावका त्वयि धृतासवस्त्वां विचिन्वते ॥1॥	हे प्रियतम प्यारे! तुम्हारे जन्म के कारण वैकुण्ठ आदि लोको से भी अधिक ब्रज की महिमा बढ़ गयी है तभी तो सौंदर्य और माधुर्य की देवी लक्ष्मी जी स्वर्ग छोडकर यहाँ की सेवा के लिए नित्य निरंतर निवास करने लगी है हे प्रियतम देखो तुम्हारी गोपियाँ जिन्होंने तुम्हारे चरणों में ही अपने प्राण समर्पित कर रखे है वन वन में भटक ढूँढ रही है.

शरदुदाशये साधु जात सत्त सरसिजोदर श्रीमुशा दृष्टा । सुरतनाथ तेऽशुल्कदासिका वरद निष्णातो नेह किं वधः ॥2॥	हे हमारे प्रेम पूरित ह्रदय के स्वामी ! हम तो आपकी बिना मोल की दासी है तुम शरदऋतु के सुन्दर जलाशय में से चाँदनी की छटा के सौंदर्य को चुराने वाले नेत्रो से हमें घायल कर चुके हो. हे प्रिय !अस्त्रों से हत्या करना ही वध होता है, क्या इन नेत्रो से मरना हमारा वध करना नहीं है.
विषजलाप्यायात् व्यालराक्षसा दर्षमारुताद्वैद्युतानलात् । वृषमयात्मजाद्विश्वतो भया दृषभ ते वयं रक्षिता मुहुः ॥3॥	हे पुरुष शिरोमणि ! यमुना जी के विषैले जल से होने वाली मृत्यु, अजगर के रूप में खाने वाला अधासुर, इंद्र की वर्षा आकाशीय बिजली, आँधी रूप त्रिणावर्त, दावानल अग्नि, वृषभासुर और व्योमासुर आदि से अलग-अलग समय पर सब प्रकार के भयो से तुमने बार-बार हमारी रक्षा की है.
न खलु गोपिकानन्दनो भवा नखिलदेहि नामन्तरात्मदृक् । विखनसार्थितो विश्वगुप्तये सख उद्देयिवान्सात्वतांकुले ॥4॥	हे हमारे परम सखा ! आप केवल में यशोदा के ही पुत्र नहीं हो अपितु समस्त देहधारियों के हृदयों में अन्तस्थ साक्षी हैं.चूँकि भगवान ब्रह्मा ने आपसे अवतरित होने एवं ब्रह्माण्ड की रक्षा करने के लिए प्रार्धना की थी इसलिए अब आप यदुकुल में प्रकट हुए हैं
विरचिताभयं वृष्णिधुर्य ते चराणमीयुषां संसृतेर्भयात् । करसरोरुहं कामकामदम् शिरसीधेहि नः श्री करग्रहम ॥5॥	हे वृषिणधूर्य ! तुम अपने प्रेमियों की अभिलाषा को पूर्ण करने में सबसे आगे हो जो लोग जन्म मृत्यु रूप संसार के चक्कर से डरकर तुम्हारे चरणों की शरण ग्रहण करते है उन्हें तुम्हारे कर कमल अपनी छत्र छाया में लेकर अभय कर देते हो सबकी अभिलाषा को पूर्ण

	करने वाला वही करकमल जिससे तुमने लक्ष्मी जी के हाथ को पकडा है प्रिये, उसी कामना को पूर्ण करने वाले कर कमल को हमारे सिरों के ऊपर रखें
व्रजेऽनजनार्थिहं वीर योषिता निजजनस्मय ध्वंसनस्मिता । भज सखे भवत्किन्करी स्म नो जलरुहानमनचारुदर्शय ॥6॥	हे वीर शिरोमणि श्यामसुन्दर! तुम सभी व्रजवासियो के दुखो को दूर करने वाले हो तुम्हारी मंद-मंद मुस्कान की एक झलक ही तुम्हारे भक्तो के सारे मान मद को चूर चूर करती है. हे मित्र ! हम से रूठो मत, प्रेम करो, हम तो तुम्हारी दासी है तुम्हारे चरणों में निछावर है, हम अबलाओ को अपना वह परम सुन्दर सांवला मुखकमल दिखलाओ.
प्रणतदेहिनां पापकर्शनं तृणचरानुगं श्रीनिकेतनम् । फणिफणार्पितं ते पदांबुजं कृणु कुचेषु नः कृन्धि हृच्छयम् ॥ ७॥	आपके चरणकमल आपके शरणागत समस्त देहधारियों के विगत पापों को नष्ट करने वाले है. लक्ष्मी जी सौंदर्य और माधुर्य की खान है वह जिन चरणों को अपनी गोद में रख कर निहारा करती है वह कोमल चरण बछडो के पीछे-पीछे चल रहे है उन्ही चरणों को तुमने कालियानाग के शीश पर धारण किया था तुम्हारी विरह की वेदना से हृदय संतृप्त हो रहा है तुमसे मिलन की कामना हमें सता रही है, हे प्रियतम ! तुम उन शीतलता प्रदान करने वाले चरणों को हमारे जलते हुए वक्ष स्थल पर रखकर हमारे हृदय की अग्नि को शान्त कर दो.
मधुरया गिरा वल्गुवाक्यया बुधमनोज्ञया पुष्करेक्षण ।	हे कमल नयन ! तुम्हारी वाणी कितनी मधुर है तुम्हारा एक-एक शब्द हमारे लिए अमृत से बढकर मधुर है बड़े-बड़े विद्वान तुम्हारी वाणी से मोहित होकर अपना सर्वस्व निछावर कर देते है उसी वाणी का रसास्वादन करके तुम्हारी आज्ञाकारिणी हम दासी मोहित हो रही है,

विधिकरीरिमा वीर मुह्यती- रधरसीधुनाऽऽप्याययस्व नः ॥ ८॥	हे दानवीर ! अब तुम अपना दिव्य अमृत से भी मधुर अधररस पिलाकर हमें जीवन दान दो.
तव कथामृतं तप्तजीवनं कविभिरीडितं कल्मषापहम् । श्रवणमङ्गलं श्रीमदाततं भुवि गृणन्ति ते भूरिदा जनाः ॥ ९॥	आपके शब्दों का अमृत तथा आपकी लीलाओं का वर्णन इस भौतिक जगत मेंकष्ट भोगने वालों के जीवन और प्राण हैं. ज्ञानियों महात्माओ भक्तो कवियों ने तुम्हारी लीलाओ का गुणगान किया है जो सारे पाप ताप को मिटाने वाली है जिसके सुनने मात्र से परम मंगल एवम परम कल्याण का दान देने वाली है तुम्हारी लीला कथा परम सुन्दर मधुर और कभी न समाप्त होने वाली है जो तुम्हारी लीला का गान करते है वह लोग वास्तव में मृत्यु लोक में सबसे बड़े दानी है.
प्रहसितं प्रिय प्रेमवीक्षणं विहरणं च ते ध्यानमङ्गलम् ।रहसि संविदो या हृदिस्पृशः कुहक नो मनः क्षोभयन्ति हि ॥ १०॥	आपकी हँसी, आपकी मधुर प्रेम- भरी चितवन, आपके साथ हमारे द्वारा भोगी गई घनिष्ट लीलाएं तथा गुप्त वार्तालाप , इन सबका ध्यान करना मंगलकारी है.और ये हमारे ह्दयों को स्पर्श करती है उसके साथ ही, हे छलिया ! वे हमारे मनों को अतीव क्षुब्ध भी करती है.
चलसि यद्व्रजाच्चारयन्पशून् नलिनसुन्दरं नाथ ते पदम् । शिलतृणाङ्कुरैः सीदतीति नः कलिलतां मनः कान्त गच्छति ॥ ११॥	हे स्वामी, हे प्रियतम ! तुम्हारे चरण कमल से भी कोमल और सुन्दर है जब आप गौवें चराने के लिए गाँव छोडकर जाते है तो हमारे मन इस विचार से विचलित हो उठते है कि कमल से भी अधिक सुन्दर आपके पाँवों में अनाज के नोकदार तिनके तथा घास- फूस एंव पौधे चुभ जाएंगे. ये सोचकर ही हमारा मन बहुत वेचैन हो जाता है.

दिनपरिक्षये नीलकुन्तलै- र्वनरुहाननं बिभ्रदावृतम् । घनरजस्वलं दर्शयन्मुहु- र्मनसि नः स्मरं वीर यच्छसि ॥ १२॥	भवार्थ – हे हमारे वीर प्रियतम ! दिन ढलने पर जब तुम वन से घर लौटते हो तो हम देखती है कि तुम्हारे मुखकमल पर नीली-नीली अलके लटक रही है, और गौओ के खुर से उड़ उड़कर घनी धूल पड़ी हुई है तुम अपना वह मनोहारी सौंदर्य हमें दिखाकर हमारे ह्रदय को प्रेम पूरित करके मिलन की कामना उत्पन्न करते हो.
प्रणतकामदं पद्मजार्चितं धरणिमण्डनं ध्येयमापदि । चरणपङ्कजं शन्तमं च ते रमण नः स्तनेष्वर्पयाधिहन् ॥ १३॥	हे प्रियतम ! तुम ही हमारे दुखो को मिटाने वाले हो, तुम्हारे चरण कमल शरणागत भक्तो की समस्त अभिलाषाओं को पूर्ण करने वाली है, इन चरणों के ध्यान करने मात्र से सभी व्याधि शांत हो जाती है. हे प्यारे ! तुम अपने उन परम कल्याण स्वरुप चरण कमल हमारे वक्ष स्थल पर रखकर हमारे ह्रदय की व्यथा को शांत कर दो.
सुरतवर्धनं शोकनाशनं स्वरितवेणुना सुष्ठु चुम्बितम् । इतररागविस्मारणं नृणां वितर वीर नस्तेऽधरामृतम् ॥ १४॥	हे वीर ! आप अपने होंठों के उस अमृत को हममें वितरित कीजिये जो माधुर्य हर्ष को बढाने वाला और शोक को मिटाने वाला है उसी अमृत का आस्वादन, आपकी ध्वनि करती हुई वंशी लेती है और लोगों को अन्य सारी आसक्तियां भुलवा देती है.
अटति यद्भवानह्नि काननं त्रुटिर्युगायते त्वामपश्यताम् । कुटिलकुन्तलं श्रीमुखं च ते जड उदीक्षतां पक्ष्मकृद्दृशाम् ॥ १५॥	हे हमारे प्यारे ! दिन के समय तुम वन में विहार करने चले जाते हो तब तुम्हारे बिना हमारे लिए एक क्षण भी एक युग के समान हो जाता है और तुम संध्या के समय लौटते हो तथा घुँघराली अलकावली से युक्त तुम्हारे सुन्दर मुखारविन्द को हम देखती है उस समय हमारी

	पलको का गिरना हमारे लिए अत्यंत कष्टकारी होता है तब ऐसा महसूस होता है कि इन पलको को बनाने वाला विधाता मूर्ख है.
पतिसुतान्वयभ्रातृबान्धवा- नतिविलङ्घ्य तेऽन्त्यच्युतागताः । गतिविदस्तवोद्गीतमोहिताः कितव योषितः कस्त्यजेन्निशि ॥ १६॥	हे हमारे प्यारे श्यामसुन्दर ! हम अपने पति, पुत्र, सभी भाई, बंधू, और कुल परिवार को त्याग कर उनकी इच्छा और आज्ञा का उल्लघन करके तुम्हारे पास आई है. हम तुम्हारी हर चाल को जानती, हर संकेत को समझती है. और तुम्हारे मधुर गान से मोहित होकर यहाँ आई है हे कपटी इस प्रकार रात्रि को आई हुई युवतियों को तुम्हारे अलावा और कौन छोड सकता है.
रहसि संविदं हृच्छयोदयं प्रहसिताननं प्रेमवीक्षणम् । बृहदुरः श्रियो वीक्ष्य धाम ते मुहुरतिस्पृहा मुह्यते मनः ॥ १७॥	हे प्यारे ! एकांत में तुम मिलन की इच्छा और प्रेमभाव जगाने वाली बाते किया करते थे हँसी मजाक करके हम छेड़ते थे तुम प्रेम भरी चितवन से हमारी ओर देखकर मुस्करा देते थे तुम्हारा वक्षस्थल, जिस पर लक्ष्मी जी नित्य निवास करती है, हे प्रिये! तब से अब तक निरंतर हमारी लालसा बढती ही जा रही है ओर हमारा मन तुम्हारे प्रति अत्यंत आसक्त होता जा रहा है.
व्रजवनौकसां व्यक्तिरङ्ग ते वृजिनहन्त्र्यलं विश्वमङ्गलम् ।त्यज मनाक् च नस्त्वत्स्पृ- हात्मनां स्वजनहृद्रुजां यन्निषूदनम् ॥ १८॥	हे प्यारे ! तुम्हारी यह अभिव्यक्ति ब्रज वनवासियों के सम्पूर्ण दुख ताप को नष्ट करने वाली ओर विश्व का पूर्ण मंगल करने के लिए है हमारा ह्रदय तुम्हारे प्रति लालसा से भर रहा है कुछ ऐसी औषधि प्रदान करो जो तुम्हारे भक्तजनो के ह्रदय-रोग को सदा-सदा के लिए मिटा दे.

यत्ते सुजातचरणाम्बुरुहं स्तनेष भीताः शनैः प्रिय दधीमहि कर्कशेषु । तेनाटवीमटसि तद्व्यथते न किंस्वित् कूर्पादिभिर्भ्रमति धीर्भवदायुषां नः ॥ १९॥	हे कृष्णा ! तुम्हारे चरण कमल से भी कोमल है उन्हें हम अपने कठोर स्तनों पर भी डरते-डरते बहुत धीरे से रखती है जिससे आपके कोमल चरणों में कही चोट न लग जाये उन्ही चरणों से तुम रात्रि के समय घोर जंगल में छिपे हुए भटक रहे हो, क्या कंकण, पत्थर, काँटे, आदि की चोट लगने से आपके चरणों में पीड़ा नहीं होती? हमें तो इसकी कल्पना मात्र से ही अचेत होती जा रही है. हे प्यारे श्यामसुन्दर ! हे हमारे प्राणनाथ ! हमारा जीवन तुम्हारे लिए है हम तुम्हारे लिए ही जी रही है हम सिर्फ तुम्हारी ही है.
इतिः गोप्यः प्रगायंत्यः प्रलपंत्यंश्च चित्रधा। रुरुदुः सुस्वरं राजन! कृष्णदर्शनलालसाः॥	श्रीशुकदेवजी कहते हैं—परीक्षित! भगवान की प्यारी गोपियाँ विरह के आवेश में इस प्रकार भाँति-भाँति से गाने और प्रलाप करने लगीं। अपने कृष्ण-प्यारे के दर्शन की लालसा से वे अपने को रोक न सकीं, करुणा जनक सुमधुर स्वर से फूट-फूटकर रोने लगीं ।
तासामाविरभूच्छौरिः स्मयमानमुखाम्बुजः। पीताम्बरधरः स्त्रग्वी साक्षान्मन्मथमन्मथः॥	ठीक उसी समय गोपियों के बीच भगवान श्रीकृष्ण प्रकट हो गये। उनका मुखकमल मन्द-मन्द मुसकान से खिला हुआ था। गले में वनमाला थी, पीताम्बर धारण किये हुए थे। उनका यह रूप, सबके मन को मथने वाले कामदेव के मन को भी मथने वाला था
इति श्रीमद्भागवत महापुराणे पारमहंस्यां संहितायां!! दशमस्कन्धे पूर्वार्धे रासक्रीडायां गोपीगीतं नामैकत्रिंशोऽध्यायः!!	

श्री विष्णु सहस्रनाम स्तोत्र	
ॐ शुक्लाम्बरधरं विष्णुं शशिवर्णं चतुर्भुजम्।	प्रसन्नवदनं ध्यायेत् सर्वविघ्नोपशान्तये ॥ 1 ॥
यस्यद्विरदवक्त्राद्याः पारिषद्याः परः शतम् ।	विघ्नं निघ्नन्ति सततं विष्वक्सेनं तमाश्रये ॥ 2 ॥
व्यासं वसिष्ठ नप्तारं शक्तेः पौत्रमकल्मषम् ।	पराशरात्मजं वन्दे शुकतातं तपोनिधिम् ॥ 3 ॥
व्यासाय विष्णु रूपाय व्यासरूपाय विष्णवे।	नमो वै ब्रह्मनिधये वासिष्ठाय नमो नमः ॥ 4 ॥
अविकाराय शुद्धाय नित्याय परमात्मने।	सदैक रूप रूपाय विष्णवे सर्वजिष्णवे ॥ 5 ॥
यस्य स्मरणमात्रेण जन्मसंसारबन्धनात्।	विमुच्यते नमस्तस्मै विष्णवे प्रभविष्णवे ॥ 6 ॥
ॐ नमो विष्णवे प्रभविष्णवे।	
श्री वैशम्पायन उवाच	
श्रुत्वा धर्मा नशेषेण पावनानि च सर्वशः।	युधिष्ठिरः शान्तनवं पुनरेवाभ्य भाषत ॥ 7 ॥
युधिष्ठिर उवाच	
किमेकं दैवतं लोके किं वाऽप्येकं परायणं	स्तुवन्तः कं कमर्चन्तः प्राप्नुयुर्मानवाः शुभम् ॥ 8 ॥
को धर्मः सर्वधर्माणां भवतः परमो मतः।	किं जपन्मुच्यते जन्तुर्जन्मसंसार बन्धनात् ॥ 9 ॥
श्री भीष्म उवाच	
जगत्प्रभुं देवदेव मनन्तं पुरुषोत्तमम् ।	स्तुवन्नाम सहस्रेण पुरुषः सततोत्थितः ॥ 10 ॥

तमेव चार्चयन्नित्यं भक्त्या पुरुषमव्ययम्।	ध्यायन् स्तुवन्नमस्यंश्च यजमानस्तमेव च ॥ 11 ॥
अनादि निधनं विष्णुं सर्वलोक महेश्वरम् ।	लोकाध्यक्षं स्तुवन्नित्यं सर्व दुःखातिगो भवेत् ॥ 12 ॥
ब्रह्मण्यं सर्व धर्मज्ञं लोकानां कीर्ति वर्धनम्।	लोकनाथं महद्भूतं सर्वभूत भवोद्भवम्॥ 13 ॥
एष मे सर्व धर्माणां धर्मोऽधिक तमोमतः ।	यद्भक्त्या पुण्डरीकाक्षं स्तवैरर्चेन्नरः सदा ॥ 14 ॥
परमं यो महत्तेजः परमं यो महत्तपः।	परमं यो महद्ब्रह्म परमं यः परायणम् । 15 ॥
पवित्राणां पवित्रं यो मङ्गलानां च मङ्गलम्।	दैवतं देवतानां च भूतानां योऽव्ययः पिता ॥ 16 ॥
यतः सर्वाणि भूतानि भवन्त्यादि युगागमे।	यस्मिंश्च प्रलयं यान्ति पुनरेव युगक्षये ॥ 17 ॥
तस्य लोक प्रधानस्य जगन्नाथस्य भूपते।	विष्णोर्नाम सहस्रं मे श्रुणु पाप भयापहम् ॥ 18 ॥
यानि नामानि गौणानि विख्यातानि महात्मनः।	ऋषिभिः परिगीतानि तानि वक्ष्यामि भूतये ॥ 19 ॥
ऋषिर्नाम्नां सहस्रस्य वेदव्यासो महामुनिः।	छन्दोऽनुष्टुप् तथा देवो भगवान् देवकीसुतः ॥ 20 ॥
अमृतां शूद्भवो बीजं शक्तिर्देवकिनन्दनः।	त्रिसामा हृदयं तस्य शान्त्यर्थे विनियुज्यते ॥ 21 ॥
विष्णुं जिष्णुं महाविष्णुं प्रभविष्णुं महेश्वरम्।	अनेकरूप दैत्यान्तं नमामि पुरुषोत्तमम् ॥ 22 ॥
अस्य श्री विष्णोर्दिव्य सहस्रनाम स्तोत्र महामन्त्रस्य ।	
श्री वेदव्यासो भगवान् ऋषिः ।	
अनुष्टुप् छन्दः	

श्रीमहाविष्णुः परमात्मा श्रीमन्नारायणो देवता ।	अमृतांशूद्भवो भानुरिति बीजम् ।
देवकीनन्दनः स्रष्टेति शक्तिः ।	उद्भवः, क्षोभणो देव इति परमोमन्त्रः ।
शङ्खभृन्नन्दकी चक्रीति कीलकम् ।	शार्ङ्गधन्वा गदाधर इत्यस्त्रम् ।
रथाङ्गपाणि रक्षोभ्य इति नेत्रम् ।	त्रिसामासामगः सामेति कवचम् ।
आनन्दं परब्रह्मेति योनिः ।	ऋतुस्सुदर्शनः काल इति दिग्बन्धः ॥
श्रीविश्वरूप इति ध्यानम् ।	
श्री महाविष्णु प्रीत्यर्थे सहस्रनाम जपे पारायणे विनियोगः ।	
करन्यासः	
विश्वं विष्णुर्वषट्कार इत्यङ्गुष्ठाभ्यां नमः	अमृतां शूद्भवो भानुरिति तर्जनीभ्यां नमः
ब्रह्मण्यो ब्रह्मकृत् ब्रह्मेति मध्यमाभ्यां नमः	सुवर्णबिन्दु रक्षोभ्य इति अनामिकाभ्यां नमः
निमिषोऽनिमिषः स्रग्वीति कनिष्ठिकाभ्यां नमः	रथाङ्गपाणि रक्षोभ्य इति करतल करपृष्ठाभ्यां नमः
अङ्गन्यासः	
सुव्रतः सुमुखः सूक्ष्म इति ज्ञानाय हृदयाय नमः	सहस्रमूर्तिः विश्वात्मा इति ऐश्वर्याय शिरसे स्वाहा
सहस्रार्चिः सप्तजिह्व इति शक्त्यै शिखायै वषट्	त्रिसामा सामगस्सामेति बलाय कवचाय हुं
रथाङ्गपाणि रक्षोभ्य इति नेत्राभ्यां वौषट्	शार्ङ्गधन्वा गदाधर इति वीर्याय अस्त्रायफट्

ऋतुः सुदर्शनः काल इति दिग्भन्धः	
ध्यानम्	
क्षीरोधन्वत्प्रदेशे शुचिमणि-विलस-त्सैकते-मौक्तिकानां	माला-कॢप्तासनस्थः स्फटिक-मणिनिभै-र्मौक्तिकै-र्मण्डिताङ्गः।
शुभ्रै-रभ्रै-रदभ्रै-रुपरिविरचितै-र्मुक्त पीयूष वर्षैः	आनन्दी नः पुनीया-दरिनलिनगदा शङ्खपाणि-र्मुकुन्दः
भूः पादौ यस्य नाभिर्विय-दसुर निलश्चन्द्र सूर्यौ च नेत्रे	कर्णावाशाः शिरोद्यौर्मुखमपि दहनो यस्य वास्तेयमब्धिः ।
अन्तःस्थं यस्य विश्वं सुर नरखगगोभोगि गन्धर्वदैत्यैः	चित्रं रं रम्यते तं त्रिभुवन वपुशं विष्णुमीशं नमामि ॥ 2 ॥
ॐ नमो भगवते वासुदेवाय !	
शान्ताकारं भुजगशयनं पद्मनाभं सुरेशं	विश्वाधारं गगनसद्दशं मेघवर्णं शुभाङ्गम् ।
लक्ष्मीकान्तं कमलनयनं योगिहृर्ध्यानगम्यम्	वन्दे विष्णुं भवभयहरं सर्वलोकैकनाथम् ॥ 3 ॥
मेघश्यामं पीतकौशेयवासं	श्रीवत्साकं कौस्तुभोद्भासिताङ्गम् ।
पुण्योपेतं पुण्डरीकायताक्षं	विष्णुं वन्दे सर्वलोकैकनाथम् ॥ 4 ॥
नमः समस्त भूतानां आदि भूताय भूभृते ।	अनेकरूप रूपाय विष्णवे प्रभविष्णवे ॥ 5॥
सशङ्खचक्रं सकिरीटकुण्डलं	सपीतवस्त्रं सरसीरुहेक्षणम् ।
सहार वक्षःस्थल शोभि कौस्तुभं	नमामि विष्णुं शिरसा चतुर्भुजम् । 6॥
छायायां पारिजातस्य हेमसिंहासनोपरि	आसीनमम्बुदश्याममायताक्षमलङ्कृतम् ॥ 7 ॥

चन्द्राननं चतुर्बाहुं श्रीवत्साङ्कित वक्षसम्	रुक्मिणी सत्यभामाभ्यां सहितं कृष्णमाश्रये ॥ 8 ॥
पञ्चपूज लं – पृथिव्यात्मने गन्धं समर्पयामि, हं – आकाशात्मने पुष्पैः पूजयामि, यं – वाय्वात्मने धूपमाघ्रापयामि रं – अग्न्यात्मने दीपं दर्शयामि, वं – अमृतात्मने नैवेद्यं निवेदयामि, सं – सर्वात्मने सर्वोपचार पूजा नमस्कारान् समर्पयामि	
स्तोत्रम्	
हरिः ओम्	
विश्वं विष्णुर्वषट्कारो भूतभव्यभवत्प्रभुः ।	भूतकृद्भूतभृद्भावो भूतात्मा भूतभावनः ॥ 1 ॥
पूतात्मा परमात्मा च मुक्तानां परमागतिः ।	अव्ययः पुरुषः साक्षी क्षेत्रज्ञोऽक्षर एव च ॥ 2 ॥
योगो योगविदां नेता प्रधान पुरुषेश्वरः ।	नारसिंहवपुः श्रीमान् केशवः पुरुषोत्तमः ॥ 3 ॥
सर्वः शर्वः शिवः स्थाणुर्भूतादिर्निधिरव्ययः ।	सम्भवो भावनो भर्ता प्रभवः प्रभुरीश्वरः ॥ 4 ॥
स्वयम्भूः शम्भुरादित्यः पुष्कराक्षो महास्वनः ।	अनादिनिधनो धाता विधाता धातुरुत्तमः ॥ 5 ॥
अप्रमेयो हृषीकेशः पद्मनाभोऽमरप्रभुः ।	विश्वकर्मा मनुस्त्वष्टा स्थविष्ठः स्थविरो ध्रुवः ॥ 6 ॥
अग्राह्यः शाश्वतो कृष्णो लोहिताक्षः प्रतर्दनः ।	प्रभूतस्त्रिककुब्धाम पवित्रं मङ्गलं परम् ॥ 7 ॥
ईशानः प्राणदः प्राणो ज्येष्ठः श्रेष्ठः प्रजापतिः ।	हिरण्यगर्भो भूगर्भो माधवो मधुसूदनः ॥ 8 ॥
ईश्वरो विक्रमीधन्वी मेधावी विक्रमः क्रमः ।	अनुत्तमो दुराधर्षः कृतज्ञः कृतिरात्मवान्॥ 9 ॥
सुरेशः शरणं शर्म विश्वरेताः प्रजाभवः ।	अहस्संवत्सरो व्यालः प्रत्ययः सर्वदर्शनः ॥ 10 ॥

अजस्सर्वेश्वरः सिद्धः सिद्धिः सर्वादिरच्युतः ।	वृषाकपिरमेयात्मा सर्वयोगविनिस्सृतः ॥ 11 ॥
वसुर्वसुमनाः सत्यः समात्मा सम्मितस्समः ।	अमोघः पुण्डरीकाक्षो वृषकर्मा वृषाकृतिः ॥ 12 ॥
रुद्रो बहुशिरा बभ्रुर्विश्वयोनिः शुचिश्रवाः ।	अमृतः शाश्वतस्थाणुर्वरारोहो महातपाः ॥ 13 ॥
सर्वगः सर्व विद्भानुर्विष्वक्सेनो जनार्दनः ।	वेदो वेदविदव्यङ्गो वेदाङ्गो वेदवित्कविः ॥ 14 ॥
लोकाध्यक्षः सुराध्यक्षो धर्माध्यक्षः कृताकृतः ।	चतुरात्मा चतुर्व्यूहश्चतुर्दंष्ट्रश्चतुर्भुजः ॥ 15 ॥
भ्राजिष्णुर्भोजनं भोक्ता सहिष्णुर्जगदादिजः ।	अनघो विजयो जेता विश्वयोनिः पुनर्वसुः ॥ 16 ॥
उपेन्द्रो वामनः प्रांशुरमोघः शुचिरूर्जितः ।	अतीन्द्रः सङ्ग्रहः सर्गो धृतात्मा नियमो यमः ॥ 17 ॥
वेद्यो वैद्यः सदायोगी वीरहा माधवो मधुः ।	अतीन्द्रियो महामायो महोत्साहो महाबलः ॥ 18 ॥
महाबुद्धिर्महावीर्यो महाशक्तिर्महाद्युतिः ।	अनिर्देश्यवपुः श्रीमानमेयात्मा महाद्रिधृक् ॥ 19 ॥
महेश्वासो महीभर्ता श्रीनिवासः सताङ्गतिः ।	अनिरुद्धः सुरानन्दो गोविन्दो गोविदां पतिः ॥ 20 ॥
मरीचिर्दमनो हंसः सुपर्णो भुजगोत्तमः ।	हिरण्यनाभः सुतपाः पद्मनाभः प्रजापतिः ॥ 21 ॥
अमृत्युः सर्वदृक् सिंहः सन्धाता सन्धिमान् स्थिरः ।	अजो दुर्मर्षणः शास्ता विश्रुतात्मा सुरारिहा ॥ 22 ॥
गुरुर्गुरुतमो धाम सत्यः सत्यपराक्रमः ।	निमिषोऽनिमिषः स्रग्वी वाचस्पतिरुदारधीः ॥ 23 ॥
अग्रणीग्रामणीः श्रीमान् न्यायो नेता समीरणः	सहस्रमूर्धा विश्वात्मा सहस्राक्षः सहस्रपात् ॥ 24 ॥
आवर्तनो निवृत्तात्मा संवृतः सम्प्रमर्दनः ।	अहः संवर्तको वह्निरनिलो धरणीधरः ॥ 25 ॥

सुप्रसादः प्रसन्नात्मा विश्वधृग्विश्वभुग्विभुः ।	सत्कर्ता सत्कृतः साधुर्जह्नुर्नारायणो नरः ॥ 26 ॥
असङ्ख्येयोऽप्रमेयात्मा विशिष्टः शिष्टकृच्छुचिः ।	सिद्धार्थः सिद्धसङ्कल्पः सिद्धिदः सिद्धि साधनः ॥ 27 ॥
वृषाही वृषभो विष्णुर्वृषपर्वा वृषोदरः ।	वर्धनो वर्धमानश्च विविक्तः श्रुतिसागरः ॥ 28 ॥
सुभुजो दुर्धरो वाग्मी महेन्द्रो वसुदो वसुः ।	नैकरूपो बृहद्रूपः शिपिविष्टः प्रकाशनः ॥ 29 ॥
ओजस्तेजोद्युतिधरः प्रकाशात्मा प्रतापनः ।	ऋद्धः स्पष्टाक्षरो मन्त्रश्चन्द्रांशुर्भास्करद्युतिः ॥ 30 ॥
अमृतांशूद्भवो भानुः शशबिन्दुः सुरेश्वरः ।	औषधं जगतः सेतुः सत्यधर्मपराक्रमः ॥ 31 ॥
भूतभव्यभवन्नाथः पवनः पावनोऽनलः ।	कामहा कामकृत्कान्तः कामः कामप्रदः प्रभुः ॥ 32 ॥
युगादि कृद्युगावर्तो नैकमायो महाशनः ।	अदृश्यो व्यक्तरूपश्च सहस्रजिदनन्तजित् ॥ 33 ॥
इष्टोऽविशिष्टः शिष्टेष्टः शिखण्डी नहुषो वृषः ।	क्रोधहा क्रोधकृत्कर्ता विश्वबाहुर्महीधरः ॥ 34 ॥
अच्युतः प्रथितः प्राणः प्राणदो वासवानुजः ।	अपान्निधिरधिष्ठानमप्रमत्तः प्रतिष्ठितः ॥ 35 ॥
स्कन्दः स्कन्दधरो धुर्यो वरदो वायुवाहनः ।	वासुदेवो बृहद्भानुरादिदेवः पुरन्धरः ॥ 36 ॥
अशोकस्तारणस्तारः शूरः शौरिर्जनेश्वरः ।	अनुकूलः शतावर्तः पद्मी पद्मनिभेक्षणः ॥ 37 ॥
पद्मनाभोऽरविन्दाक्षः पद्मगर्भः शरीरभृत् ।	महर्धिरृद्धो वृद्धात्मा महाक्षो गरुडध्वजः ॥ 38 ॥
अतुलः शरभो भीमः समयज्ञो हविर्हरिः ।	सर्वलक्षणलक्षण्यो लक्ष्मीवान् समितिञ्जयः ॥ 39 ॥
विक्षरो रोहितो मार्गो हेतुर्दामोदरः सहः ।	महीधरो महाभागो वेगवानमिताशनः ॥ 40 ॥

उद्भवः, क्षोभणो देवः श्रीगर्भः परमेश्वरः ।	करणं कारणं कर्ता विकर्ता गहनो गुहः ॥ 41 ॥
व्यवसायो व्यवस्थानः संस्थानः स्थानदो ध्रुवः ।	परर्धिः परमस्पष्टः तुष्टः पुष्टः शुभेक्षणः ॥ 42 ॥
रामो विरामो विरजो मार्गोनेयो नयोऽनयः ।	वीरः शक्तिमतां श्रेष्ठो धर्मोधर्म विदुत्तमः ॥ 43 ॥
वैकुण्ठः पुरुषः प्राणः प्राणदः प्रणवः पृथुः ।	हिरण्यगर्भः शत्रुघ्नो व्याप्तो वायुरधोक्षजः ॥ 44 ॥
ऋतुः सुदर्शनः कालः परमेष्ठी परिग्रहः ।	उग्रः संवत्सरो दक्षो विश्रामो विश्वदक्षिणः ॥ 45 ॥
विस्तारः स्थावर स्थाणुः प्रमाणं बीजमव्ययम् ।	अर्थोऽनर्थो महाकोशो महाभोगो महाधनः ॥ 46 ॥
अनिर्विण्णः स्थविष्ठो भूद्धर्मयूपो महामखः ।	नक्षत्रनेमिर्नक्षत्री क्षमः, क्षामः समीहनः ॥ 47 ॥
यज्ञ इज्यो महेज्यश्च क्रतुः सत्रं सताङ्गतिः ।	सर्वदर्शी विमुक्तात्मा सर्वज्ञो ज्ञानमुत्तमम् ॥ 48 ॥
सुव्रतः सुमुखः सूक्ष्मः सुघोषः सुखदः सुहृत् ।	मनोहरो जितक्रोधो वीर बाहुर्विदारणः ॥ 49 ॥
स्वापनः स्ववशो व्यापी नैकात्मा नैककर्मकृत्।	वत्सरो वत्सलो वत्सी रत्नगर्भो धनेश्वरः ॥ 50 ॥
धर्मगुब्धर्मकृद्धर्मी सदसत्क्षरमक्षरम्॥	अविज्ञाता सहस्त्रांशुर्विधाता कृतलक्षणः ॥ 51 ॥
गभस्तिनेमिः सत्त्वस्थः सिंहो भूत महेश्वरः ।	आदिदेवो महादेवो देवेशो देवभृद्गुरुः ॥ 52 ॥
उत्तरो गोपतिर्गोप्ता ज्ञानगम्यः पुरातनः ।	शरीर भूतभृद् भोक्ता कपीन्द्रो भूरिदक्षिणः ॥ 53 ॥
सोमपोऽमृतपः सोमः पुरुजित् पुरुसत्तमः ।	विनयो जयः सत्यसन्धो दाशार्हः सात्वतां पतिः ॥ 54 ॥
जीवो विनयिता साक्षी मुकुन्दोऽमित विक्रमः ।	अम्भोनिधिरनन्तात्मा महोदधि शयोन्तकः ॥ 55 ॥

अजो महार्हः स्वाभाव्यो जितामित्रः प्रमोदनः ।	आनन्दोऽनन्दनोनन्दः सत्यधर्मा त्रिविक्रमः ॥ 56 ॥
महर्षिः कपिलाचार्यः कृतज्ञो मेदिनीपतिः ।	त्रिपदस्त्रिदशाध्यक्षो महाशृङ्गः कृतान्तकृत् ॥ 57 ॥
महावराहो गोविन्दः सुषेणः कनकाङ्गदी ।	गुह्यो गभीरो गहनो गुप्तश्चक्र गदाधरः ॥ 58 ॥
वेधाः स्वाङ्गोऽजितः कृष्णो दृढः सङ्कर्षणोऽच्युतः ।	वरुणो वारुणो वृक्षः पुष्कराक्षो महामनाः ॥ 59 ॥
भगवान् भगहाऽऽनन्दी वनमाली हलायुधः ।	आदित्यो ज्योतिरादित्यः सहिष्णुर्गतिसत्तमः ॥ 60 ॥
सुधन्वा खण्डपरशुर्दारुणो द्रविणप्रदः ।	दिवःस्पृक् सर्वदृग्व्यासो वाचस्पतिरयोनिजः ॥ 61 ॥
त्रिसामा सामगः साम निर्वाणं भेषजं भिषक् ।	सन्यासकृच्छमः शान्तो निष्ठा शान्तिः परायणम्। 62 ॥
शुभाङ्गः शान्तिदः स्रष्टा कुमुदः कुवलेशयः ।	गोहितो गोपतिर्गोप्ता वृषभाक्षो वृषप्रियः ॥ 63 ॥
अनिवर्ती निवृत्तात्मा सङ्क्षेप्ता क्षेमकृच्छिवः ।	श्रीवत्सवक्षाः श्रीवासः श्रीपतिः श्रीमतांवरः ॥ 64 ॥
श्रीदः श्रीशः श्रीनिवासः श्रीनिधिः श्रीविभावनः ।	श्रीधरः श्रीकरः श्रेयः श्रीमाँल्लोकत्रयाश्रयः ॥ 65 ॥
स्वक्षः स्वङ्गः शतानन्दो नन्दिर्ज्योतिर्गणेश्वरः ।	विजितात्माऽविधेयात्मा सत्कीर्तिच्छिन्नसंशयः ॥ 66 ॥
उदीर्णः सर्वतश्चक्षुरनीशः शाश्वतस्थिरः ।	भूशयो भूषणो भूतिर्विशोकः शोकनाशनः ॥ 67 ॥
अर्चिष्मानर्चितः कुम्भो विशुद्धात्मा विशोधनः ।	अनिरुद्धोऽप्रतिरथः प्रद्युम्नोऽमितविक्रमः ॥ 68 ॥
कालनेमिनिहा वीरः शौरिः शूरजनेश्वरः ।	त्रिलोकात्मा त्रिलोकेशः केशवः केशिहा हरिः ॥ 69 ॥
कामदेवः कामपालः कामी कान्तः कृतागमः ।	अनिर्देश्यवपुर्विष्णुर्वीरोऽनन्तो धनञ्जयः ॥ 70 ॥

ब्रह्मण्यो ब्रह्मकृद् ब्रह्मा ब्रह्म ब्रह्मविवर्धनः ।	ब्रह्मविद् ब्राह्मणो ब्रह्मी ब्रह्मज्ञो ब्राह्मणप्रियः ॥ 71 ॥
महाक्रमो महाकर्मा महातेजा महोरगः ।	महाक्रतुर्महायज्वा महायज्ञो महाहविः ॥ 72 ॥
स्तव्यः स्तवप्रियः स्तोत्रं स्तुतिः स्तोता रणप्रियः ।	पूर्णः पूरयिता पुण्यः पुण्यकीर्तिरनामयः ॥ 73 ॥
मनोजवस्तीर्थकरो वसुरेता वसुप्रदः ।	वसुप्रदो वासुदेवो वसुर्वसुमना हविः ॥ 74 ॥
सद्गतिः सत्कृतिः सत्ता सद्भूतिः सत्परायणः ।	शूरसेनो यदुश्रेष्ठः सन्निवासः सुयामुनः ॥ 75 ॥
भूतावासो वासुदेवः सर्वासुनिलयोऽनलः ।	दर्पहा दर्पदो दृप्तो दुर्धरोऽथापराजितः ॥ 76 ॥
विश्वमूर्तिर्महामूर्तिर्दीप्तमूर्तिरमूर्तिमान् ।	अनेकमूर्तिरव्यक्तः शतमूर्तिः शताननः ॥ 77 ॥
एको नैकः स्तवः कः किं यत्तत् पदमनुत्तमम् ।	लोकबन्धुर्लोकनाथो माधवो भक्तवत्सलः ॥ 78 ॥
सुवर्णवर्णो हेमाङ्गो वराङ्गश्चन्दनाङ्गदी ।	वीरहा विषमः शून्यो घृताशीरचलश्चलः ॥ 79 ॥
